राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

गौरवशाली भारत

वर्ष : 11
अंक : 256
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 29 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
नई दिल्ली से प्रकाशित
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 जहांगीरपुरी प्राइमरी स्कूल में कूड़ा घर बनाना बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ : पूनम बागड़ी
पेज 5 86 मिनट अपलक सूर्य दर्शन का बुजुर्ग ने बनाया अनोखा रिकार्ड, सेना में भर्ती पर रोक जारी रखना युवाओं के लिये अच्छी
पेज 7 अमेरिका समेत कई देशों की मीटिंग के बीच इजरायल में इस्लामिक स्टेट का हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

सोमवार को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में नागरिक अलंकरण समारोह- २ में राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति, श्री एम. वेंकैया नायडू, प्रधान मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति।

बंगाल विधानसभा में बवाल

बीरभूम हिंसा पर भाजपा और टीएमसी विधायकों के बीच सदन में मारपीट

कोलकत्ता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को बीजेपी और टीएमसी विधायकों के बीच जोरदार झड़प हुई। बीजेपी विधायक बीरभूम हिंसा मामले पर बहस की मांग कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के विधायकों के बीच मारपीट हो गई और विधायकों ने एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए।



पांच भाजपा विधायक निलंबित

विधानसभा में हुए हंगामे के दौरान टीएमसी विधायक असित मजूमदार घायल हो गए। उन्हें कोलकाता के पीजी अस्पताल के वुडवर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। सुवेंदु अधिकारी सहित 5 भाजपा विधायकों को अगली सूचना तक विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर लोकसभा में भी सोमवार को पश्चिम बंगाल की विधानसभा में हुई हिंसा के बाद हंगामा हुआ। इसके चलते सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया गया है।

बीजेपी ने टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप

बंगाल विधानसभा में हुए बवाल की जानकारी मिलने पर सीएम ममता बनर्जी ने राज्य के शहरी विकास मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम को फोन किया। सीएम ने इस पूरी घटना पर चिंता जताई। वहीं, बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला और अन्य महिला विधायकों ने विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों के साथ मिलकर बीजेपी विधायकों पर हमला किया।

सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने 22 लोगों को आरोपी बनाया है। साथ ही रविवार को टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष अनारुल हुसैन से पूछताछ की थी। सीबीआई टीम आज दोपहर बीरभूम हिंसा के आरोपियों को जांच के लिए सीबीआई कैंप ले गई है। बंगाल सीएम ममता बनर्जी का कहना है कि इस हिंसा में टीएमसी की कोई भूमिका नहीं है, इसके पीछे किसी की साजिश है।

कुछ लोगों को सदन की गरिमा का ख्याल नहीं : स्पीकर

बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा, सदन में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सदन की गरिमा का ख्याल नहीं है। वे विधानसभा के महत्व को नहीं समझते हैं और उनका मकसद केवल विधानसभा में हंगामा करना है।

जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकी गिरफ्तार

शोपियां में आतंकियों ने पुलिस पर ग्रेनेड से हमला किया

जम्मू। सुरक्षाबलों ने सोमवार को एक संयुक्त अभियान में जम्मू-कश्मीर के बडगाम में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आतंकियों में वसीम अहमद गनाई, इकबाल अशरफ शेख शामिल हैं। दोनों जम्मू-कश्मीर के शोपियां के रहने वाले हैं। आतंकियों के पास से एक चीनी पिस्टल, दो मैगजीन, 12 कारतूस, एके 47 के 32 कारतूस बरामद हुए हैं। शोपियां के इमाम साहिब इलाके में आतंकियों ने पुलिस पर ग्रेनेड से हमला कर दिया।

घटना में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

7 दिन में छठवीं बार पेट्रोल-डीजल महंगा

इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल के दाम 26 प्रतिशत घटे

नई दिल्ली। इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल के दाम करीब 26.42 प्रतिशत तक घट चुके हैं। इसके बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल में लगातार महंगाई की आग भड़क रही है। पिछले सात दिन में छह बार तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए हैं। सोमवार को भी पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। अब एक हफ्ते के दौरान दोनों के दाम एक लीटर पर चार रुपए तक बढ़ चुके हैं। नई दरों के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 99.41 रुपए प्रति लीटर और

डीजल 90.77 रुपए प्रति लीटर बिकेगा। मुंबई में पेट्रोल 114.08 रुपए और डीजल 98.48 रुपए प्रति लीटर पर बिकेगा।

कच्चा तेल सस्ता, लेकिन पेट्रोल-डीजल महंगा

कच्चे तेल के दाम फरवरी के अपने 140 डॉलर प्रति बैरल के उच्चतम स्तर से गिरकर 103 डॉलर तक आ चुके हैं, फिर भी पिछले छह दिनों में तेल कंपनियां पांच बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा चुकी है। तेल कंपनियों का रुख देखते हुए यह माना जा रहा है दाम बढ़ने का यह क्रम अगले 15 दिन तक इसी तरह जारी रह सकता है।

पिछले दिनों मूडीज रेटिंग एजेंसी ने रिपोर्ट जारी कर कहा था कि भारत के टॉप फ्यूल रिटेलर्स IOC, BPCL और HPCL को नवंबर से मार्च के बीच करीब 2.25 अरब डॉलर (19 हजार करोड़ रुपए) के रेवेन्यू का नुकसान हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सरकार रिफाइनरी को नुकसान से बचाने के लिए कीमतें बढ़ाने की अनुमति देगी। लगातार दो दिन 80-80 पैसे बढ़ने पर मूडीज ने कहा था कि इससे संकेत मिलता है पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार में न बढ़ाकर धीरे-धीरे बढ़ाए जाएंगे।

यूपी में विधायकों ने ली शपथ : योगी ने अखिलेश से हाथ मिलाया

महाना ने स्पीकर पद के लिए नामांकन किया

लखनऊ। यूपी विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम चल रह है। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शपथ ली। शपथ लेकर लौटते वक्त योगी को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने बुके दिया। योगी ने अखिलेश से हाथ मिलाया और फिर कंधे में हाथ रखकर पीठ थपथपाई। वहीं, अखिलेश जब शपथ लेने गए तो उन्होंने योगी का नमस्ते करते हुए अभिवादन किया। विधानसभा में आज और कल दो दिन तक 403 विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा।

महाना का स्पीकर बनना तय

विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सतीश महाना ने नामांकन कर दिया है। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, आराधना मिश्रा मोना और राजा भैया भी मौजूद रहे। बता दें सतीश महाना आठवीं बार विधायक हैं, पिछली योगी सरकार में वह कैबिनेट मंत्री थे। सतीश महाना का स्पीकर बनना तय है। सभी सियासों दलों ने उनका समर्थन किया है।

अरुणाचल, दादर नागर हवेली और लक्ष्य दीप कोविड मुक्त

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार घटते मामलों में बीच अरुणाचल प्रदेश, दादर-नगर हवेली और दमन-दीव तथा लक्ष्यद्वीप कोविड मुक्त हो गये हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या 328 घटकर 15859 रह गई है। वहीं, इस दौरान एक हजार 270 नये मामले सामने आये हैं और इस बीच 31 लोगों की मौत हुई है। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.75 प्रतिशत और संक्रमण दर 0.04 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 218 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 4663 रह गई। वहीं, 593 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6458586 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67797 हो गया है। कर्नाटक में एक सक्रिय मामला बढ़कर 1819 हो गया है। इस दौरान 62 मरीजों

के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 3903442 हो गई है। वहीं राज्य में एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40050 पर पहुंच गया है।

असम में इस दौरान सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1360 हो गई है तथा इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 716197 तक पहुंच गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 6639 पर स्थिर रहा।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में आठ सक्रिय मामले कम होने के साथ इनकी संख्या 1215 रह गयी है। इस दौरान राज्य में 71 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 221956 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 681 पर स्थिर है। महाराष्ट्र में इस दौरान 33 सक्रिय मामला बढ़ने के साथ इनकी संख्या 926 हो गई हैं। इस दौरान राज्य में 106 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7724803 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 143779 पर स्थिर है। पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले 13 घटकर 716 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21197 पर स्थिर है।

भारत बंद : ट्रेड यूनियनों की दो दिवसीय हड़ताल जारी

सार्वजानिक परिवहन सेवाएं प्रभावित

नई दिल्ली। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा सोमवार से आहूत किए गए दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के मद्देनजर कई जगहों पर सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हजारों श्रमिकों को दो दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पहले दिन पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में सोमवार को सार्वजानिक क्षेत्र के कई बैंकों में कामकाज के प्रभावित होने के साथ सार्वजनिक परिवहन सेवाएं ठप पड़ गईं। वहीं ट्रेड यूनियनों द्वारा 48 घंटे के राष्ट्रव्यापी बंद के आह्वान पर केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को सरकारी कर्मचारियों के हड़ताल में भाग लेने पर रोक लगा दी और राज्य सरकार को इस पर तुरंत आदेश जारी करने का निर्देश दिया। एक दर्जन ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाई गई हड़ताल से हालांकि स्वास्थ्य सेवा, बिजली और ईंधन आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाओं पर असर नहीं पड़ा। सरकारी कार्यालयों समेत शिक्षण संस्थानों में

इसका असर न के बराबर रहा। कुछ बैंक शाखाओं, विशेष रूप से मजबूत ट्रेड यूनियन आंदोलन वाले शहरों में ओवर-द-काउंटर सार्वजनिक लेनदेन बहुत सीमित रहा।

ट्रेड यूनियनों की हड़ताल से सार्वजानिक परिवहन सेवाएं प्रभावित

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने कहा कि सरकार की कथित गलत नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल के कारण कम से कम आठ राज्यों में बंद जैसी स्थिति बनी हुई है। संयुक्त मंच ने कहा, ''तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, असम, हरियाणा और झारखंड में बंद जैसी स्थिति है।'' मंच के अनुसार गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों के कई औद्योगिक क्षेत्रों में विरोध-प्रदर्शन हुआ। वहीं महाराष्ट्र में कई एटीएम मशीनों में नकद तुरंत उपलब्ध नहीं था।

बंगाल में बड़ी संख्या में टी गार्डन और जूट मिलें भी रहीं बंद

पश्चिम बंगाल में भारत बंद के पहले दिन सोमवार को 60 फीसदी टी गार्डन और 54 में से 24 जूट मिल्स बंद रही हैं। इसके अलावा बाकी जूट मिलों में भी 60 से 80 फीसदी ही मजदूर पहुंचे। इसके अलावा पूरे बंगाल में निजी ट्रांसपोर्टर इस बंद में शामिल हुए।

भारत बंद को हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों का समर्थन, यात्री हुए परेशान

दो दिन के भारत बंद को हरियाणा रोडवेज की कर्मचारी यूनियनों ने समर्थन दिया है। रोडवेज के कमर्चारियों ने हड़ताल के समर्थन में चक्का जाम किया है और इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर छात्राओं और पास होल्डर्स को बड़ी संख्या में बस स्टैंडों पर खड़े देखा जा रहा है। रोड पर निकलने वाली बसों की संख्या बेहद कम है और लोगों को सड़कों पर इंतजार करना पड़ रहा है। कुरुक्षेत्र के लाडवा की पल्लवी ने कहा कि मैं करीब एक घंटे तक बस स्टॉप पर इंतजार करती रही। बस नहीं मिली और इसके चलते मुझे घर वापस लौटना पड़ा है।

दिल्ली, हरियाणा से लेकर दक्षिण भारत तक में असर, बैंकों में आंशिक हड़ताल

एटक की नेता अमरजीत कौर ने कहा कि इस हड़ताल को झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कोयला खनन क्षेत्रों के अलावा असम, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, पंजाब, राजस्थान, गोवा और ओडिशा के औद्योगिक क्षेत्रों से भी समर्थन मिल रहा है।

अल्पसंख्यक दर्जा

सुप्रीम कोर्ट में वकील की मांग पर केंद्र ने कहा- राज्य चाहें तो ऐसा कर सकते हैं

हिंदुओं को 9 राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा मिले

नई दिल्ली। राज्य सरकारें अपनी सीमा में हिंदुओं या किसी भी धार्मिक और भाषाई समुदाय को अल्पसंख्यक घोषित कर सकती हैं। यह दलील अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दी। दरअसल, भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें उनकी मांग है कि राज्यों में अल्पसंख्यकों की पहचान तय हो और हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए।

अश्विनी की इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की दलील है कि देश के 10 राज्यों में हिंदू भी

अल्पसंख्यक हैं, लेकिन उन्हें अल्पसंख्यक योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, न ही वे मदरसों की तरह स्कूल खोल सकते हैं। अब केंद्र के जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट आज यानी 28 मार्च को इस मामले में सुनवाई करेगा।

केंद्र ने कहा याचिका में लगा आरोप गलत है

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दिए अपने हलफनामे में कहा, हिंदू, यहूदी और बहाई धर्म के अनुयायी किसी भी राज्य में अपनी पसंद के स्कूल-कॉलेज बनाकर चला सकते हैं। राज्य सरकारें उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा दे सकती हैं। महाराष्ट्र सरकार ने यहूदियों को, कर्नाटक सरकार ने उर्दू, तेलुगु, तमिल, मलयालम, मराठी, तुलु, लमणी, हिंदी, कोंकणी और गुजराती भाषी समुदायों को अल्पसंख्यक दर्जा दिया है।

हलफनामे में याचिकाकर्ता के उस आरोप को गलत बताया है, जिसमें कहा गया है कि यहूदी, बहाई और हिंदू धर्म के लोग लद्दाख, मिजोरम, लक्षद्वीप, कश्मीर, नगालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पंजाब और मणिपुर में अल्पसंख्यक हैं, लेकिन वे न तो स्कूल-कॉलेज खोल सकते हैं न ही उन्हें चला सकते हैं।

सिर्फ राज्यों को अधिकार नहीं दिया जा सकता

मंत्रालय ने कहा कि अगर सिर्फ राज्यों को अल्पसंख्यकों के विषय पर कानून बनाने का अधिकार दिया जाता है तो ये संविधान और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के खिलाफ होगा। संविधान के आर्टिकल-246 के तहत संसद ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक्ट 1992 बनाया है।

अगर सिर्फ राज्यों को ही अल्पसंख्यकों पर कानून बनाने का अधिकार दिया जाएगा तो संसद की शक्ति का हनन होगा।

भगवंत मान का ऐलान : दिल्ली मॉडल पर चलेगा पंजाब, घर-घर पहुंचेगा सरकारी राशन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी ने पंजाब के लोगों के लिए राशन की डोर स्टेप डिलीवरी शुरू करने का फैसला किया है। राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा, हमारे अधिकारी आपको फोन कर पूछंगे की आप किस समय घर पर हैं। हमारे अधिकारी उस हिसाब से आपको आपके घर तक राशन पहुंचाएंगे। यह एक वैकल्पिक योजना है।

सीएम मान ने कहा कि राज्य में लोगों को अब राशन लेने के लिए कतारों में नहीं लगना पड़ेगा, क्योंकि यह उनके दरवाजे पर पहुंचाया जाएगा। मान ने कहा, लोगों के पास इस योजना को चुनने का विकल्प होगा। राशन डिपो के पास रहने वाले इसे डिपो से प्राप्त कर सकते हैं। जो लोग डोरस्टेप डिलीवरी का विकल्प चुनते हैं, उन्हें संबंधित कर्मियों को यह बताना होगा कि वे अपने स्थान पर किस समय उपलब्ध हैं। उन्हें स्वच्छ और अच्छी गुणवत्ता वाला राशन पहुंचाया जाएगा।

लोगों के जीवन को आसान बनाने का फैसला

मान ने कहा कि सरकार ने लोगों के जीवन को आसान बनाने का फैसला किया है, क्योंकि सरकारों को ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बुनियादी जरूरतों पर काम करने के बाद जल्द ही इस योजना को शुरू किया जाएगा। इससे पहले सुबह आप ने ट्वीट किया था, जिसमें कहा गया था कि मान दिन में पंजाब के लोगों के लिए बड़ी घोषणा करेंगे।

एंटी करप्शन हेल्पलाइन का असर दिखाना शुरू

वहीं, पंजाब में शुरू हुई एंटी करप्शन हेल्पलाइन ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते शुक्रवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हेल्पलाइन पर एक महिला क्लर्क के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दे दिया है। पंजाब के सीएम ने 23 मार्च को एंटी करप्शन हेल्पलाइन शुरू की थी, जिसमें लोगों को रिश्वत मांगने या अन्य कदाचार में लिप्त अधिकारियों के वीडियो अपलोड करने की भी सुविधा मिली है। कांग ने कहा कि क्लर्क की तैनाती जालंधर के तहसीलदार कार्यालय में हुई थी।

शार्ट न्यूज

दिल्ली एयरपोर्ट पर बिजली के खंभे से टकराई स्पाइसजेट की फ्लाइट, टल गया बड़ा हादसा

नई दिल्ली। यात्रियों को लेकर उड़ान भरने से पहले सोमवार को स्पाइसजेट की एक फ्लाइट दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना विमान के पुशबैक के दौरान हुई। यह हादसा आज सुबह होते-होते बचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस वक्त ये घटना हुई उस समय विमान पैसेंजर टर्मिनल से रनवे की ओर बढ़ रहा था। स्पाईसजेट की इस फ्लाइट के विंग्स का एक हिस्सा पुश बैक होते समय एक बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर से बिजली का खंभा आधा टेढ़ा हो गया। विमान के भी पंख को नुकसान हुआ है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि घटना के बाद विमान को बदल दिया गया और यात्रियों को दूसरी फ्लाइट में शिफ्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। गनीमत ये रही कि इस घटना के दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइन के अनुसार, फ्लाइट संख्या एसजी 160 को दिल्ली से जम्मू के लिए प्रस्थान करना था। उन्होंने बताया, आज, स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या स्त्र 160 दिल्ली और जम्मू के बीच ऑपरेट होने वाली थी।

अब फोन करने पर सुनाई नहीं देगी कोरोना कॉलर ट्यून

नई दिल्ली। कोविड-19 पर जागरूकता फैलाने के लिए डिफॉल्ट रूप से बजने वाली कॉलर ट्यून को जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अब कोरोना के केस बेहद कम आ रहे हैं इसलिए सरकार इसे बंद करने जा रही है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, कोविड-19 पर अब कोई कॉलर ट्यून नहीं होगी। यह जल्द ही बंद होने वाली है। एक दिन पहले, पीटीआई ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से लिखा था कि बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लगभग दो साल बाद फोन से कोविड-19 प्री-कॉल अनाउंसमेंट को बंद करने के बारे में सोच रहे हैं। हालांकि अभी तक इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मार्च 2020 के बाद से, जब कोरोना वायरस को एक महामारी के रूप में घोषित किया गया था, तब सरकार ने सभी दूरसंचार ऑपरेटरों को इसकी घोषणा सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया था। सरकार ने कहा था कि कोविड जागरुकता से संबंधित इस अनाउंसमेंट को एक कॉलर ट्यून के रूप में प्ले किया जाए, तब जब एक फोन यूजर्स किसी को कॉल कर रहा हो। शुरुआत में बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की आवाज सुनाई देती थी।

राजौरी सड़क दुर्घटना में एक मरा, 62 घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नौशेरा के निकट एक मिनी बस के गहरी खाई में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और अन्य 62 घायल हो गये। पुलिस ने कहा कि मिनी बस लारोका से नौशेरा की ओर जा रही थी। बस जब दावता के पास पहुंची तभी चालक को वाहन से नियंत्रण खोने पर बस गहरी खाई में गिर गयी, जिससे एक यात्री की मौत हो गयी और कम से कम 62 घायल हो गए। घायलों में पांच की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लाल हुसैन (65) पुत्र लाल डिन के रूप में हुई है जो पुखेरनी लाम का निवासी है। उन्होंने बताया कि घायलों को उप जिला अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है।

कश्मीर में लश्कर के दो आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि शोपियां निवासी वसीम अहमद गनई और इकबाल अशरफ शेख को पुलिस और सेना की राष्ट्रीय राइफल्स ने सुन्नेरेगुंड इलाके में हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, एक चीनी पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, पिस्तौल की 12 गोलियां और एके-47 की 32 गोलियों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। गौरतलब है कि इस महीने बडगाम जिले में आतंकवादी हमलों में दो नागरिकों समेत चार लोगों की मौत हो चुकी है।

हरीश रावत से शिष्टाचार भेंट करने पहुंची स्पीकर

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ऋतु खंडूरी भूषण ने सोमवार अपराह्न पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत से देहरादून स्थित उनके निजी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान, रावत ने भी उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। रावत ने राज्य के इतिहास में प्रथम महिला विधानसभा स्पीकर निर्वाचित होने परभूषण को बधाई दी एवम उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं सत्र के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं भी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह एक केवल औपचारिक एवं शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में उन्हें बड़ी जिम्मेवारी मिली है जिसके लिए उन्हें सभी वरिष्ठ लोगों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन आवश्यकता है।

केरल में भारत बंद का व्यापक असर

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 48 घंटे के देशव्यापी हड़ताल का केरल में सोमवार को व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के मद्देनजर सरकारी परिवहन सेवा केरल राज्य सड़क परिवहन निगम ने लगभग सभी जगहों पर अपनी बस सेवाएं रद्द कर दी , जिसके कारण सड़कें सूनी पड़ी रही और आम जनजीवन प्रभावित हुआ। हड़ताल के कारण दुकानें, होटल और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। निजी बसें, टैक्सी और ऑटोरिक्सा सड़कों से नदारद रहे। केंद्र और राज्य सरकारों के दफ्तर तथा निजी संस्थानों में कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही। राज्य में कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने दफ्तरों में कामकाज तथा निजी वाहनों के संचालन को बाधित किया। केरल उच्च न्यायालय ने हालांकि कोच्चि में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बंद को प्रतिबंधित कर दिया है, लेकिन कुछ कर्मचारियों ने इसके आसपास के क्षेत्रों में प्रदर्शन किया।

भारतीय नौसेना का हेलीकॉप्टर पहुंचा श्रीलंका

तिरुवनंतपुरम। भारतीय नौसेना का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) श्रीलंकाई वायु सेना के पायलटों और नौसेना के जहाजों पर हेलीकॉप्टर के अभियानों का प्रशिक्षण देने के लिए यहां वायु सेना के अड्डे कटुनायके पहुंचा है। रक्षा मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक प्रशिक्षण की समयावधि लगभग एक हफ्ते या उससे कुछ अधिक समय के लिए तय की गई है ताकि इस दौरान श्रीलंकाई वायु सेना के कर्मी इसके बारे में अच्छे से समझ सके। इस दौरान इन्हें सह-चालक की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान टीम के सदस्य श्रीलंका नौसेना के उन्नत अपतटीय गश्ती पोत सयूराला पर व्यापक डेक लैंडिंग अभ्यास में भी भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ संबंधों को और मजबूती देने की प्रतिबद्धता के तहत भारत की पड़ोस प्रथम नीति का एक हिस्सा है।

विस चुनाव लड़ने वालों को चुनावी खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने का आदेश

जालंधर। पंजाब में जालंधर के उपायुक्त घनश्याम थोरी ने सोमवार को जिले के सभी उम्मीदवारों, जिन्होंने 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, को नौ अप्रैल, 2022 तक अपने चुनाव खर्च का पूरा और सटीक लेखा जिला चुनाव कार्यालय में जमा करने के लिए कहा। उपायुक्त ने कहा कि विवरण जमा करवाने में विफल रहने पर भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए भारत के चुनाव आयोग से अयोग्यता का परिणाम भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि सभी नौ क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव 20 फरवरी को हुए थे, जबकि मतगणना के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के बाद 10 मार्च को परिणाम घोषित किए गए थे। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करते समय चुनाव खर्च का हिसाब रखने के लिए निर्धारित रजिस्टर जारी करने के अलावा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आवश्यक जानकारी/प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

सरकारी कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल होने का अधिकार नहीं, सैलरी काटे राज्य सरकार

तिरुवनंतपुरम। ट्रेड यूनियनों द्वारा 48 घंटे के राष्ट्रव्यापी बंद के आह्वान पर केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को सरकारी कर्मचारियों के हड़ताल में भाग लेने पर रोक लगा दी और राज्य सरकार को इस पर तुरंत आदेश जारी करने का निर्देश दिया।

अदालत ने कहा कि सरकारी कर्मचारी अन्य वर्कर्स के दायरे में नहीं आएंगे और हड़ताल में उनकी भागीदारी सेवा नियमों के खिलाफ है। एक कार्यकर्ता चंद्रचूड़न नायर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए, मुख्य न्यायाधीश एस मणि कुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी चाली की खंडपीठ ने कहा कि हड़ताल में सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी अवैध है और वे काम से दूर रहने के दिनों के लिए सैलरी के पात्र नहीं हो सकते।

इससे पहले राज्य की वाम मोर्चा सरकार अपने कर्मचारियों की अनुपस्थिति को छुट्टी (लीव) के रूप में परिवर्तित करती थी ताकि उनका पूरा वेतन सुनिश्चित हो सके। अब कोर्ट ने सरकार को इन दिनों को लेकर डाइज-नॉन (नो वर्क, नो पे) लागू करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने इस अजीब प्रथा को रद्द करने और हड़ताल में उनकी भागीदारी को असंवैधानिक घोषित करने के लिए अदालत का रुख किया था।

उन्होंने तर्क दिया कि सरकार अपने कर्मचारियों को काम पर हड़ताल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है और बाद में उनके वेतन पैकेट को सुनिश्चित करने के लिए मानदंडों में बदलाव करती है। अदालत ने उनके तर्क से सहमति जताई और कहा कि सरकारी कर्मचारियों को

ऐसी हड़ताल में भाग लेने का कोई अधिकार नहीं है और सरकार उन्हें अनुपस्थित दिनों में वेतन सुनिश्चित नहीं कर सकती है।

ताजा आदेश ने राज्य को विकट स्थिति में डाल दिया है। कानून विभाग ने अभियोजन महानिदेशक से सलाह मांगी है और इसके जल्द ही सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना है।

लेकिन ट्रेड यूनियन निकायों ने अदालत के आदेश से निराशा जताई है। सीपीआई ट्रेड यूनियन विंग एटक नेता के पी राजेंद्रन ने कहा, यह अवलोकन दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे केंद्र सरकार के खिलाफ निर्देशित किया जाना चाहिए था, गरीब श्रमिकों के खिलाफ नहीं। सरकार ने अभी प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन सरकारी कर्मचारी संघों ने कहा कि उनका आंदोलन जारी रहेगा।

इस बीच वाम शासित केरल में हड़ताल ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। कई जगहों पर इसे जबरन बंद कर दिया गया और निजी वाहनों को भी रोक दिया गया। राज्य की राजधानी में एक मजिस्ट्रेट के वाहन को रोक दिया गया और बाद में अदालत ने पेट्टा एसएचओ को तलब किया और उन्हें प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया। इसी तरह की बदतमीजी कई हिस्सों से सामने आई थी। एक कैंसर रोगी को पप्पनमकोड में अपने ऑटो-रिक्शा से बाहर निकलने के लिए मजबूर किया गया था और उसे एम्बुलेंस से जाने की सलाह दी गई। राज्य के कई हिस्सों से हिंसा और पथराव की छिटपुट घटनाएं हुई हैं। पूरे राज्य में लगभग सभी सरकारी कार्यालय और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। राज्य सचिवालय में जहां 4824 कर्मचारी काम करते हैं, केवल 32 ने काम करने की सूचना दीट्ठ इसमें मुख्य सचिव और कुछ आईएएस अधिकारी शामिल थे।

लेकिन रेल और हवाई यातायात अप्रभावित रहा। राज्य के प्रमुख आईटी पार्कों ने भी सामान्य रूप से काम किया। रेलवे स्टेशनों और बस टर्मिनलों के बाहर घुमावदार कतारें दिखाई दे रही थीं और कई स्वयंसेवक फंसे हुए लोगों की मदद के लिए आगे आए। ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि रविवार मध्यरात्रि से शुरू हुई दो दिवसीय हड़ताल मंगलवार मध्यरात्रि तक जारी रहेगी।

कर्नाटक : बुर्का पहनकर परीक्षा देने पहुंची छात्रा को स्कूल ने रोका, कपड़े बदलने के बाद मिली एंट्री

नई दिल्ली। कर्नाटक में हाई कोर्ट के फैसले के बाद भी हिजाब का विवाद खत्म नहीं हुआ है। सोमवार से शुरू हुए बोर्ड परीक्षा के दौरान भी हुबली जिले में एक छात्रा हिजाब पहनकर स्कूल पहुंची थी। छात्रा को गेट पर रोक दिया गया। बाद में स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आने के बाद ही उसे परीक्षा देने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने कहा कि छात्रा को बुर्का उतारकर आने और कपड़े बदलने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया था।

एनडीटीवी डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक सीनियर अधिकारी धारवाड़ मोहन कुमार ने कहा कि छात्रा सिलिव ड्रेस में परीक्षा देने आई थी। उसने यूनिफॉर्म कोड का पालन नहीं किया था और बुर्का पहन रखा था। उसे हाई कोर्ट के आदेश के बारे में बताया गया और पालन करने के लिए कहा गया। बाद में वह कपड़े बदलकर आई और अपनी परीक्षा दे रही है।

वहीं, बागलकोट जिले में इसी तरह की एक घटना में, बुर्का बदलने के लिए कहने पर एक स्कूली छात्रा ने परीक्षा ही छोड़ दिया।

परीक्षा को लेकर कर्नाटक के मंत्रियों ने हिजाब को लेकर कहा था कि परीक्षा के दौरान हाई कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करने वालों को स्कूल में एंट्री नहीं मिलेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

राज्य के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा था कि जो कोई भी नियम का उल्लंघन करेगा उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

हम इससे समझौता नहीं करेंगे। सभी को हाई कोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए और छात्रों को बिना हिजाब के परीक्षा देनी चाहिए।

इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र में लगी आग से खेताओं को हुआ नुकसान

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में सोमवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित इंदिरा गांधी नहर की 245 आरडी के पास अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि करीब 3 कि.मी. एरिया में फैल गई।

घटना की सूचना पर पांच दमकल सहित सिविल डिफेंस की टीम और ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास किया। मगर हवा के कारण आग फैल गई। नहर के पास खेतों को नुकसान होने की संभावना बन गई हैं। किसान अपनी फसल को बचाने की कोशिश में लगे हैं। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

गौरतलब हैं कि दो दिन पूर्व भी जिले के नोख थाना क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहरी वन्य क्षेत्र में करीब 3 कि.मी. क्षेत्र में आग लग गई थी जिसमें सैकड़ो पेड़ पौधे वृक्ष नष्ट हो गए थे।

रामगढ़ थानाधिकारी अचलाराम ढाका ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे के करीब सूचना मिली कि इंदिरा गांधी नहर की 245 आरडी के पास नहरी इलाके के पेड़ों में आग लगी है। फायर ब्रिगेड को सूचना देकर रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्र के सेवा नियम लागू करना पंजाब के खिलाफ : धामी

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाब की जमीन पर बसे चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्र सरकार के सिविल सेवा नियमों को लागू करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चंडीगढ़ के अपने दौरे के दौरान चंडीगढ़ प्रशासन के सभी कर्मचारियों के लिए केंद्रीय सिविल सेवा नियमों को लागू करने की घोषणा को पंजाब के अधिकारों पर एक और बड़ी लूट करार दिया। सोमवार को एसजीपीसी कार्यालय से जारी प्रेस बयान में एडवोकेट धामी ने कहा कि चंडीगढ़ पंजाब के गांवों की बेशकीमती जमीन पर बसा है, इसलिए शहर पर सिर्फ पंजाब का हक है। 'केंद्र का यह हालिया निर्णय पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 का उल्लंघन है और यह स्पष्ट है कि एक गंभीर साजिश के तहत ऐसा करना पंजाब के बाहर के अधिकारियों को चंडीगढ़ पर थोपने का मार्ग प्रशस्त करना है। यह निर्णय स्पष्ट रूप से भारत सरकार के पंजाब के विरोधी इरादे को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि समय-समय पर देश की सरकारों ने पंजाब, विशेषकर सिखों के साथ अन्याय किया है और केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा की गई घोषणा इस श्रृंखला में एक और अन्याय का संकेत है। एडवोकेट धामी ने कहा, यह पंजाब के अधिकारों और हितों से जुड़ा मामला है और इसलिए सभी राजनीतिक दलों को एकता के साथ इस फैसले का विरोध करना चाहिए। एसजीपीसी इस फैसले का कड़ा विरोध करती है और पंजाब विरोधी इस फैसले के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

नेपाल की भारत विरोधी हरकत फिर आयी सामने

पथराव कर तटबंध का निर्माण करने से रोका

नैनीताल। भारत के साथ सीमा विवाद को लेकर जबरदस्ती मुखर रहने वाला नेपाल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और भारत विरोधी संगठनों ने पिथौरागढ़ की धारचूला में काम कर रहे भारतीय मजदूरों पर पथराव कर दिया और हिसंक प्रदर्शन किया। यही नहीं तटबंध का निर्माण कर रही जेसीबी को भी काम करने से रोक दिया गया। नेपाल में रह रहे भारत विरोधी संगठन पिछले कुछ समय से भारत विरोधी हरकतों को अंजाम दे रहे हैं और जबरदस्ती सीमा विवाद को हवा दे रहे हैं। उत्तराखंड के भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी और चंपावत जनपद के टनकपुर बनबसा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 'नो मेंस लैंड' पर अतिक्रमण का मामला दोनों देशों के बीच काफी समय तक चर्चाओं में रहा है। नेपाल के भारत विरोधी संगठन इन मामलों को जबरदस्ती हवा देते रहे हैं। रविवार को पिथौरागढ़ के धारचूला में इन्हीं संगठनों की ओर से एक बार फिर सीमा विवाद को हवा देने की कोशिश की गयी। पिथौरागढ़ प्रशासन की ओर से काली नदी पर धारचूला से खोतिला तक बाढ़ को रोकने के लिये तटबंध का निर्माण किया जा रहा है।

इसी दौरान नेपाल की ओर से पथराव किया गया। यह भी बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची नेपाल की सेना और पुलिस ने जेसीबी की चाबी छीन ली और निर्माण कार्य को रूकवा दिया। इस घटना के बाद धारचूला और उसके आसपास के लोगों में आक्रोश फैल गया। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने सोमवार को इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जिलाधिकारी आशीष श्रीवास्तव को लिखे पत्र में कहा कि ऐसी घटनायें नेपाल सरकार के इशारे पर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2013 में आयी भीषण आपदा के बाद नेपाल की ओर से काली नदी पर विशालकाय तटबंध का निर्माण किया गया लेकिन भारत के लोगों ने मित्र राष्ट्र के चलते कभी उनके काम में हस्तक्षेप नहीं किया।

भारत की ओर से जब तटबंध का निर्माण किया जा रहा है तो भारत विरोधी संगठनों की ओर से पत्थरबाजी एवं हिंसक प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नेपाली सेना एवं पुलिस ने काम कर रही जेसीबी मशीन की चाबी छीनकर जता दिया है कि यह हरकत नेपाल सरकार के इशारे पर की गयी है। उन्होंने नेपाल से भारत विरोधी प्रदर्शनों पर रोक लगाने की मांग की और साथ ही कहा कि ऐसे अनुचित कदमों से सीमा पर अशांति फैलने की आशंका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी हरकतों पर रोक नहीं लगी तो भारत की ओर से भी विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

इस मामले में पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष चौहान से सम्पर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो पायी, हालांकि पता चला है कि तभी से निर्माण कार्य रुका हुआ है। भारत की ओर से आज भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

बंगाल में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का मिलाजुला असर रहा

कोलकाता। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में केंद्रीय व्यापार संघों (सीटीयू) और विभिन्न स्वतंत्र व्यापार संघों की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का सोमवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में मिला जुला असर पड़ा।

दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के समर्थकों ने भारत बंद को लेकर राज्य में विभिन्न स्थानों पर रेल और सड़क मार्गों को जाम कर दिया।

वामपंथी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को जाधवपुर, दमदम, बारासात, श्यामनगर, बेल्घेरिया, जॉयनगर, डोमजुर और अन्य स्थानों पर केंद्र की नीतियों के खिलाफ रेल पटरियों को अवरूद्ध कर दिया।

सड़कों की नाकाबंदी कोलकाता के गोलपार्क, लेक टाउन, बागुहती और अन्य इलाकों में की गई। जाधवपुर में समर्थकों और पुलिस के बीच हाथापाई हुई। दूसरी रैली सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर

ऑफ इंडिया-कम्युनिस्ट (एसयूसीआई -सी) की रासबिहारी से भवानीपुर और फिर लेक मार्केट तक निकाली गयी।

पश्चिम मिदनापुर, पश्चिम बर्दवान, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा जिले में भी सड़क मार्ग और रेल की पटरियों को अवरूद्ध किया गया है।

केंद्रीय व्यापर संघ द्वारा आहूत दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में बैंक कर्मचारियों के एक वर्ग के ड्यूटी पर नहीं आने से बैंकिंग सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित रहीं।

बैंक कर्मचारियों के काम पर नहीं आने से कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में राशि की निकासी और जमा नहीं हो सकी। इसके अलावा बंद के कारण चेक निर्गम और सरकारी खजाना (ट्रेजरी ऑपरेशन) का काम भी प्रभावित हुआ है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटाचलम ने कहा पूर्वी भारत में बंद का अच्छा खासा प्रभाव रहा है कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हड़ताल के दौरान बंद रहे हैं। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए), भारतीय बैंक कर्मचारी महासंघ (बीईएफआई) और अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ (एआईबीओए) के अलावा कई बैंक संघ ने भी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का समर्थन किया है।

भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने कहा है कि हड़ताल के कारण उसकी बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। एसबीआई ने वक्तव्य में कहा, हमने बैंक ने हड़ताल के दिनों में अपनी शाखाओं और कार्यालयों में सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की है, यह संभावना है कि हड़ताल से हमारे बैंक में काम एक सीमित सीमा तक प्रभावित हो सकता है।

सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा कि राज्य में बंद के दौरान सभी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे।

शिक्षा में तकनीकी एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग से नई शिक्षण विधाओं के द्वार खुले हैं : मिश्र

अलवर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि शिक्षा का तात्पर्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास है जिसमें विद्यार्थी राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में अपनी महती भूमिका निर्वहन करते हैं। मिश्र आज यहां राजर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की दिशा का निर्धारण करती है साथ ही अपने अधिकारों के साथ कर्तव्य बोध से भी जोड़ती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि विश्वविद्यालय में सौहार्द के वातावरण निर्माण के साथ समयबद्ध योजना बनाकर आगे बढ़ें और अपने जीवन का लक्ष्य अर्जित करें। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय में श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन करने में बेटियां अग्रणी हैं। आज के इस दीक्षान्त समारोह में 34 स्वर्ण पदकों में से 27 स्वर्ण पदक, 1 कुलाधिपति पदक तथा सभी 4 रजत पदक यहां अध्ययन करने वाली बेटियों ने प्राप्त किये है। उन्होंने बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि इतने पदक लड़कियों को मिलने का अर्थ है, बेटियों को यदि अवसर मिले तो वे आकाश छू सकती हैं। मैं यह मानता हूं कि एक बेटी किसी परिवार में पढ़ लेती है तो दो परिवारों का उत्थान करती हैं। मैं चाहता हूं वे आगे बढ़ें और निरंतर जीवन में उत्कर्ष के शिखरों को छूएं। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को बढावा देने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है जिसके तहत एक साथ सभी 10वीं के स्कूलों को 12वीं के स्कूल में क्रमोन्नत किया है तथा 8वीं से सीधे 12वीं कक्षा तक के 500 स्कूल और खोले जाएंगे। प्रदेश में बालिकाओं के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की राज्य सरकार ने नए कॉलेज खोलने के साथ ही विगत तीन वर्षों में जिले में 7 तथा प्रदेश भर में 177 नए कॉलेज खोले हैं।

विशिष्ट ढंग से तैयार हो रहा अंजुमन इस्लामिया हॉल : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अंजुमन इस्लामिया हॉल में कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इसे विशिष्ट ढंग से तैयार किया जा रहा है और यह हमेशा मेंटेन रहे एवं परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखें। कुमार ने सोमवार को यहां निरीक्षण के दौरान कहा कि अंजुमन इस्लामिया हॉल विशिष्ट ढंग से तैयार किया जा रहा है। यह हमेशा मेंटेन रहे और परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि एक तल पर बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड का कार्यालय और विद्यार्थियों के लिए कल्याणकारी पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करें। अन्य तलों पर कल्याणकारी कार्यों के उपयोग हेतु व्यवस्था रखें, जिससे प्राप्त होनेवाली राषि से इस भवन का मेंटेनेंस किया जा सके और बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड को भी आर्थिक सहयोग मिल सके। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने अंजुमन इस्लामिया हॉल में कराए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की विशिष्टताओं को समावेशित कर तैयार किया गया है। इसमें बेसमेंट, भूतल+6 ऊपरी तल का प्रावधान किया गया है। परिसर में मुख्य भवन के अतिरिक्त लैंड स्कैपिंग, वजू खाना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट, पार्किंग आदि का प्रावधान किया गया है।

अमृतसर में 'तस्करी और जालसाजी से निपटने की रणनीतियां' विषय पर सत्र का आयोजन

एजेंसी

अमृतसर। फिक्की कास्केड ने तस्करी और जालसाजी से निपटने की रणनीतियाँ विषय पर रविवार को अमृतसर में एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया। इसका उद्देश्य विचारों के व्यापक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना और अवैध व्यापार के कारण होने वाले खतरे की गंभीरता को समझने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण सुनिश्चित करना था।

सत्र में उपभोक्ता जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता जैसे मुद्दों प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत करना, नियामक तंत्र में सुधार और हितधारक सहयोग में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया। जालसाजी और तस्करी के वैश्विक खतरे पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति मनमोहन सरीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश, पूर्व लोकायुक्त, दिल्ली के एनसीटी, मुख्य न्यायाधीश और जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने कहा, विश्व आर्थिक मंच ने कहा कि अवैध व्यापार इसके परिणामस्वरूप 2.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की वार्षिक निकासी हुई है, जो 2020 में विश्व जीडीपी का लगभग तीन प्रतिशत है। उन्होंने तस्करों और जालसाजों का लगातार पीछा करने वाले पंजाब के प्रवर्तन अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके हाथों के दृष्टिकोण से नकली और तस्करी वाले उपभोक्ता सामान, शराब, खाद्य उत्पाद, सोना, सिगरेट, उर्वरक और अन्य सामान की बड़ी संख्या में जब्ती हुई है। सीमा शुल्क (निवारक), अमृतसर के आयुक्त राहुल नांगरे ने कहा कि हाल ही में अफगानिस्तान से 32 किलोग्राम सोना, पाकिस्तान से 584 किलोग्राम हेरोइन और 483 किलोग्राम भांग को प्रवर्तन अधिकारियों ने जब्त किया था।

तस्करी के खतरे के बारे में बात करते हुए, उन्होंने अंतर-एजेंसी समन्वय के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, अधिकारियों की क्षमता निर्माण और आधुनिक जांच मशीन की आवश्यकता प्रवर्तन और व्यापार सुविधा के बीच संतुलन बनाने के लिए अनिवार्य है। संजय गौड़, उप महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब ने सुरक्षा प्रबंधन में अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों में बीएसएफ अधिकारियों द्वारा सामना किए जाने वाले कठिन इलाकों, चरम जलवायु और झरझरा सीमाओं जैसी चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, 'हेरोइन, हथियार और गोला-बारूद, सोना, चांदी, तंबाकू जैसी वस्तुएं सीमाओं के पार सबसे अधिक तस्करी की जाने वाली वस्तुएं हैं।

शार्ट न्यूज

दिल्ली में सुरेंद्र बख्शी आरोग्य सेवा फाउंडेशन की हुयी शुरुआत

नयी दिल्ली। दिल्ली के कृष्णा नगर क्षेत्र में गरीब, बुजुर्ग, कमजोर एवं नि:सहाय लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा और अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रविवार को सुरेंद्र बख्शी आरोग्य सेवा फाउंडेशन की शुरुआत हुयी। इसका उद्घाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा उत्तर प्रदेश विधि आयोग के चेयरमैन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 70 से ज्यादा लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। संस्था के संचालक शक्ति निधि बख्शी ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय डॉक्टर सुरेंद्र बख्शी का कोरोना काल में निधन हो गया था। उस समय उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लोगों को सड़कों पर जूझते हुए देखा, तथा उनकी परेशानियों को समझा। अपने पिता को लेकर वह कई अस्पतालों में गए तथा उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि भारत में अभी भी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कितनी परेशानियां है। उन्होंने बताया कि लोगों को सुलभ व निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अन्य तरह की सहयोग देने के उद्देश्य उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय सुरेंद्र बख्शी के नाम से सुरेंद्र बख्शी आरोग्य सेवा फाउंडेशन का गठन किया है।

फर्जी कॉल सेंटर पर छापा, आठ गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली के जामिया नगर में एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर पर छापा मारा गया और आठ लोग को अमेजन इंक और पेयपाल के एग्जीक्यूटिव बनकर अमेरिकी नागरिकों को ठगने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पकड़े गये आठ लोगों की पहचान अर्जुन सिंह बिष्ट, कपिल सिंह नेगी, मो. तल्हा, अंकित यादव, संतोष श्रीवास्तव, वनेनमाविया, मो.नादीर और आरिश बेग के तौर पर की गई। पुलिस उपायुक्त इशा पांडेय ने बताया कि एक सूचना पर पुलिस टीम ने वहां छापा मारा जहां उन्होंने आरोपी को विदेशी के साथ टेलीफोन पर बात करते पकड़ा। पुलिस को देखने पर उन लोगों ने भागने की कोशिश की लेकिन सभी पकड़े गए। पूछताछ में आठों ने बताया कि जल्दी पैसा कमाने के लिए उन लोगों ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर की शुरुआत की और कई लोगों को ठगा है।

दिल्ली : गाजीपुर डंपिंग यार्ड में लगी आग

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के गाजीपुर में एक डंपिंग यार्ड में सोमवार शाम को आग लग गई। आगे के चलते आसपास के पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल की 6 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। आग लगने के कारणों की फिलहाल जानकारी नहीं मिल सकी है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को आग कैसे लगी इसकी जांच करने और अगले 24 घंटों में रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले गाजीपुर डंपिंग ग्राउंड पर 1 सितंबर 2017 को अचानक जोरदार धमाका हुआ था, जिससे हजारों टन कचरा सड़क की तरफ गिर गया था। इस हादसे की वजह से पांच कारें नहर में गिर गईं थी, वहीं दो लोगों की मौत हो गई थी। घटना में करीब पांच लोग घायल भी हुए थे। इनमें एक महिला तथा एक व्यक्ति शामिल था। दोनों मृतक राजबीर कॉलोनी के रहने वाले थे। हादसे के बाद करीब दस दिनों तक कूड़ा हटाने का काम चला था। ऐसे हादसे की पुनरावृत्ति न हो और कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई को कम किया जा सके इसके लिए पूर्वी दिल्ली नगर निगम डेम्स विभाग की तरफ से कई योजनाएं बनाई गईं। आईआईटी दिल्ली के सलाहकारों का भी सहयोग लिया गया, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहा। गाजीपुर में 1 सितंबर 2017 को हुए हादसे के वक्त लैंडफिल साइट की ऊंचाई 59 मीटर थी।

सीयूसीईटी 2022 के लिए दो अप्रैल से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

नई दिल्ली। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्नातक पाठ्यक्रमों के दाखिले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूसीईटी) के आधार पर होंगे। परीक्षा का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि घोषित कर दी है। सीयूईटी में आवेदन प्रक्रिया दो अप्रैल से शुरू होंगी और 30 अप्रैल तक चलेगी। एनटीए द्वारा जारी एक सार्वजनिक नोटिस में घोषिणा की गई है कि सीयूसीईटी देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के इच्छुक छात्रों को एक अवसर उपलब्ध करायेगा। सीयूसीईटी (यूजी)-2022 कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रारूप में संचालित किया जाएगा। नोटिस में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम का विवरण उनके अपने संबद्ध पोर्टल पर उपलब्ध होगा। यदि कोई विश्वविद्यालय 12वीं कक्षा के पिछले वर्षों के छात्रों को चालू वर्ष में प्रवेश लेनेकी अनुमति देता है,तो ऐसे छात्र भी सीयूसीईटी 2022 में उपस्थित होने के पात्र होंगे। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरा जाएगा जो दो अप्रैल से शुरू होगा और इसका फॉर्म आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। आवेदन प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा के चार हिस्से होंगे। खंड-1 (13 भाषाएं), खंड-1बी (19 भाषाएं), खंड-2 (विशेष विषय) और खंड-3 (सामान्य जांच) शामिल हैं। नोटिस में कहा गया है, प्रत्येक खंड में से विकल्प चुनना अनिवार्य है। कोई अभ्यर्थी खंड-1ए और खंड-1बी से एक साथ अधिकतम तीन भाषाएं चुन सकता है। खंड-2 में 27 विषय होंगे, जिनमें कोई अभ्यर्थी अधिकतम छह विषय चुन सकता है, जबकि खंड-3 में सामान्य जांच होगी। सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि सभी प्रश्न 12वीं कक्षा के स्तर के होंगे।

मार्च तक 200 हेक्टेयर जमीन खरीद का काम पूरा होगा

ग्रेटर नोएडा। यीडा अपनी परियोजनाओं के लिए जमीन खरीद की प्रक्रिया तेजी से पूरा रहा है। इस महीने के आखिर तक करीब 200 हेक्टेयर जमीन खरीदने का काम पूरा हो जाएगा। यह काम पिछले पांच महीने में हुआ है। यीडा की कई परियोजनाएं चल रही हैं। कुछ के लिए जमीन मौजूद है जबकि कुछ के लिए जमीन खरीदना है। कई पर योजनाएं ऐसी हैं, जिनकी आधे से अधिक जमीन खरीदी जा चुकी है। कुछ जमीन बची है। उसको भी खरीदने का काम चल रहा है। यीडा सेक्टर 32, 33, 28, 21 आदि में जमीन खरीद रहा है। पिछले पांच महीने में यह काम तेजी से चल रहा है। मार्च के अंत तक 200 हेक्टेयर जमीन खरीदने का काम पूरा हो जाएगा।

कंपनी में दूसरी मंजिल से गिरकर कर्मचारी की मौत

नोएडा। सेक्टर-63 थानाक्षेत्र की एक कंपनी की दूसरी मंजिल पर काम करते समय कर्मचारी नीचे गिर गया। उसके साथियों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि गाजियाबाद के विजयनगर निवासी 23 वर्षीय बंटी सोनी सेक्टर-63 जे ब्लॉक स्थित एक कंपनी में सहायक के तौर पर काम करता था। इस कंपनी में पैकेजिंग का काम होता है। बंटी शनिवार शाम किसी काम से बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर गया था, यहां से वह संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गया। साथी उसे नजदीक के अस्पताल ले गए, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सिर में चोट लगने की वजह से खून ज्यादा बह गया था। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सेक्टर-39 थाने की पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही

नोएडा। साइबर ठगों ने डेबिट कार्ड अनब्लॉक करने का झांसा देकर फार्मेसी संचालक के खाते से 1 लाख 1650 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में राहुल ने बताया कि वह सेक्टर 107 स्थित सन वर्ल्ड वनालिका सोसाइटी में रहते हैं। वह सोसाइटी में ही फार्मेसी चलाते हैं। राहुल का कहना है कि कुछ दिन पहले वह बाजार में खरीदारी करने गए थे। वहां पर भुगतान करने के लिए उन्होंने अपना डेबिट कार्ड दिया। इस दौरान पता चला कि कार्ड ब्लॉक हो गया है। इसके बाद कार्ड को अन ब्लॉक कराने के लिए पीड़ित ने इंटरनेट से संबंधित बैंक के कस्टमर केयर का नंबर लिया। इस नंबर पर कॉल की तो फोन उठाने वाले युवक ने अपना नाम राहुल बताया।

कश्मीरी पंडितों के नाम पर सिर्फ राजनीति करती है भाजपा : सिसोदिया

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के नाम पर राजनीति की रोटी सेंकने वाली भाजपा 'द कश्मीर फाइल्स' पर तो बहुत चीखती-चिल्लाती रही लेकिन जब दिल्ली विधानसभा में कश्मीरी पंडितों के कल्याण की बात आई है तो सदन से उठकर भाग गई।

सिसोदिया ने आज सदन में कहा कि भाजपा केवल 'द कश्मीर फाइल्स' की बात करती है और हम कश्मीरी पंडितों के दु:ख-दर्द व उनके वेलफेयर की। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार, कश्मीरी पंडितों पर झूठी राजनीति करने के बजाय उनकी बेहतरी के लिए तीन मांगों को पूरा करें। केंद्र सरकर विस्थापितों का पुनर्वास करें, फिल्म से कमाएं 200 करोड़ रुपए कश्मीरी पंडितों के वेलफेयर के लिए खर्च करें और पूरा देश कश्मीरी पंडितों के दु:ख-दर्द से वाकिफ हो इसलिए 'द कश्मीर फाइल्स' को यू-ट्यूब पर डाले।

उन्होंने कहा कि 32 साल बाद भी कश्मीरी पंडितों को अपने ही देश में विस्थापित होकर क्यों रहना पड़ रहा है? भाजपा हमेशा अपने घोषणा पत्रों में लिखती रही है कि सत्ता में आने के बाद कश्मीरी विस्थापितों की मदद कर उनका पुनर्वास करने का काम करेगी, लेकिन पिछले आठ सालों से केंद्र सरकार में है और कुछ समय से कश्मीर में सरकार में होने के बाद भी भाजपा आज तक यह क्यों नहीं करवा सकी। यह भाजपा की घोर असफलता है भाजपा ने 32 सालों से केवल कश्मीरी पंडितों के नाम पर राजनीति करने का काम किया है और उनकी बेहतरी के लिए कुछ नहीं किया।

सिसोदिया ने कहा कि कश्मीरी पंडित आज अपने ही देश में 32 सालों से

विस्थापना का दर्द झेल रहे हैं। आज 32 साल बाद भी कश्मीरी विस्थापितों के मन में केवल एक ही टीस है कि क्या हमारी कश्मीर में जो जमीन है, उसे अपना कह सकते है? क्या कश्मीर के अपने घर में जाकर उसी स्वतंत्रता के साथ रह सकते है, जैसे 1989 से पहले रहते थे। यदि 32 साल बाद भी ऐसा नहीं हो पाया तो केंद्र सरकार की घोर निंदा होनी चाहिए। कश्मीरी पंडितों की यह दशा भाजपा की विफलता को दिखाती है कि 32 सालों से कश्मीरी पंडितों के नाम पर राजनीति की रोटी सेंकती आ रही है। भाजपा आठ सालों से केंद्र की सत्ता में बैठी हुई है, फिर भी विस्थापित हुए कश्मीरियों के लिए कुछ नहीं किया और न ही कुछ करने की नीयत है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि कश्मीरी विस्थापित टीचर्स 25 सालों से दिल्ली सरकार के स्कूलों में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते रहे। इस दौरान दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा की सरकारें रही। एक बार तो अरुण जेटली ने बजट भी पेश किया, लेकिन दोनों सरकारों में किसी की यह हिम्मत नहीं हुई कि उन्हें नियमित कर सकें। कश्मीरी पंडित दफ्तरों के धक्के खाते रहे, लेकिन भाजपा के नेताओं ने उनसे मिलने की जहमत तक नहीं उठाई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जब कश्मीरी विस्थापित शिक्षकों पर हो रहे इस अन्याय का पता चला तो उन्होंने कहा कि कश्मीरी विस्थापित हमारे भाई-बहन हैं, वो आनन- फानन में आए, इसलिए कोई कागजात नहीं ला पाए। वर्ष 1989 में उनके साथ जो हुआ, उस पर देश की जिम्मेदारी है कि उनके जख्म को भरे और बिना किसी कागजात के तुरंत 233 कश्मीरी विस्थापित शिक्षकों को परमानेंट करने की व्यवस्था करने के आदेश दिए। साथ ही, आज दिल्ली सरकार विस्थापित कश्मीरी पंडितों के परिवारों के प्रत्येक सदस्यों को प्रतिमाह 3250 रूपये देती है।

उन्होंने कहा कि एक ओर जहाँ अरविंद केजरीवाल ने कश्मीरी पंडित शिक्षकों को नियमित करने का काम किया, वहीँ दूसरी ओर गन्दी राजनीति से प्रेरित भाजपा ने उनकी पेंशन रोक ली। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि कश्मीरी पंडितों के दु:ख को दिखाते हुए फिल्म बनाई गई।

साथ ही इस फिल्म ने कश्मीरी पंडितों के नाम पर 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई तो, अब समय है कि इस पैसे को उनके वेलफेयर में लगाया जाए, ताकि वर्षों से कश्मीरी पंडितों के जले हुए घर, उजड़े बागानों को ठीक किया जा सके।

केजरीवाल के मुफ्त बिजली-पानी के दावे झूठ : कांग्रेस

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के मुफ्त बिजली-पानी उपलब्ध कराने के दावों की पोल खोलते हुए आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दावे खोखले हैं और वह झूठ बोलकर अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ नरेश कुमार ने जे जे कॉलोनी सावदा में स्थानीय लोगों से मुलाकात के दौरान यह आरोप लगाया। डॉ कुमार ने यहां के लोगों से बातचीत करने के बाद मीडिया में जारी एक बयान में इन लोगों के हवाले से बताया कि यहां के लोगों के घरों में एक कूलर, फ्रिज और बल्ब हैं और इनके बिल हजारों रुपए में आ रहे हैं। यहां के अनेक लोगों ने अपने बिजली के बिल दिखाए हैं जिनमें से कई लोगों के बिल 2400,2700 और 2900 तक पहुंच गए हैं।

यहां के लोगों ने यह भी कहा कि श्री केजरीवाल कह रहे हैं कि वह राजधानी के लोगों को प्रतिदिन 700 लीटर पानी दे रहे हैं, लेकिन सच्चाई इसके उलट है और यहां पानी तीन-तीन दिन में सिर्फ एक बार आता है, जो बहुत ही गंदा है जिसकी वजह से यहां के निवासियों में पेट और अन्य बीमारियां हो रही हैं। इसकी वजह से यहां के लोगों को 20 रुपए का जार खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है।

इसी कॉलोनी में एक डॉक्टर ने बताया कि गंदे पानी के कारण लोगों को पीलिया, पेट की बीमारियां और टायफाइड हो रहा है।

कुमार ने यू-ट्यूब पर जारी इस वीडियो में इन लोगों की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि केजरीवाल खोखले वादे करते हैं और अगर उनमें हिम्मत है तो इन कॉलोनियों के लोगों के बीच में आकर अपनी सरकार के दावों की जांच कर लें।

गौरतलब है कि श्री केजरीवाल ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा है कि मुफ्त बिजली, पानी और बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा महंगाई पर वार है। श्री कुमार ने कहा कि मुफ्त पानी और बिजली से महंगाई का क्या संबंध है? लोगों के पास रोजगार नहीं है, खाने-पीने की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, अगर उन्हें महंगाई कम करनी है तो पेट्रोल-डीजल पर करों को कम करें, जिसका फायदा आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई में आने वाली लागत पर पड़ने से दामों में कमी आ सकती है।

उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल की कथनी और करनी में अंतर है। यहां दिल्ली सरकार के अनेक अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों और पेंशन भोगियों को कई महीने से वेतन तथा पेंशन नहीं मिलने से वे तिल-तिल कर मरने को मजबूर हैं और श्री केजरीवाल अपनी सरकार की तारीफ कर रहे हैं।

बैंकों में हड़ताल से लेनदेन पर असर

नोएडा। बैंकों के निजीकरण के विरोध में सोमवार को ज्यादातर बैंककर्मी हड़ताल पर रहे। इसके कारण करोड़ों का लेनदेन प्रभावित हुआ। बैंकों में कैश संबंधी कार्य न होने के चलते लोगों को कई परेशानियों से जूझना पड़ा। जिले में 42 बैंकों की 524 शाखाएं हैं। इनमें स्टेट बैंक को छोड़ दें तो 11 सरकारी बैंक हैं, जिनकी कुल 248 शाखाएं हैं। सोमवार को आल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया था। इसके चलते संगठन से जुड़े सभी बैंककर्मी हड़ताल पर रहे। बैंककर्मी सुबह ही सेक्टर-11, 12, 22, 62, 24, 34 समेत अन्य स्थानों पर बैंक के बाहर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन कई घंटे तक चला। कर्मिचारियों ने कहा कि सरकार बैंकर्स की मांगे नहीं मान रही है जिसमें पुरानी पेंशन को लागू न करना, पांच दिन की बैंकिंग, बैंकों का निजीकरण आदि समस्या है। बैंक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने इसका अभी तक कोई भी समाधान नहीं किया है। इसी को लेकर हड़ताल की जा रही है। मंगलवार को भी बैंककर्मी हड़ताल पर रहेंगे। बैंककर्मियों की हड़ताल होने के बाद भी बैंक शाखाएं पूरे दिन खुली रहीं। क्योंकि इस हड़ताल में बैंक आफसर व कई यूनियन शामिल नहीं हुई थीं। हालांकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी हड़ताल में शामिल नहीं हुए।

लोन दिलाने के नाम पर सवा दो लाख ठगे

नोएडा। ठगों ने लोन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 2 लाख 27 हजार 620 रुपये ठग लिए। इस संबंध में पीड़ित ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ सेक्टर 39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में वसी आलम ने बताया कि उन्हें कारोबार के लिए रुपयों की जरूरत थी। उनका संपर्क रिद्धिमा, गौरव और प्रतीक पल्लवी से हुआ। इस पर आरोपियों ने वसी से कहा कि वह आसानी से उनका लोन करा देंगे। पीड़ित उनके झांसे में आ गया। आरोपियों ने वसी ने उनकी पहचान और बैंक खाते से संबंधित कुछ दस्तावेज ले लिए। इसके कुछ दिन बाद पीड़ित से कहा कि उनका 17 लाख का लोन मंजूर हो गया है। लोन को जारी कराने की एवज में आरोपियों ने पीड़ित से फाइल चार्ज, सर्विस चार्ज, इनकम टैक्स, जीएसटी के नाम पर 2 लाख 27 हजार 620 रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने पीड़ित से कहा कि जल्द ही उनके खाते में पैसे आ जाएंगे। आरोपी काफी दिनों तक वसी के साथ टालमटोल करते रहे। इस पर पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। इसके बाद वसी ने तीनों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जहांगीरपुरी प्राइमरी स्कूल में कूड़ा घर बनाना बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ : पूनम बागड़ी

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी जहांगीरपुरी के ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल में कूड़ा घर बनाने को लेकर जनता में काफी अखरोट को देखते हुए आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्राइमरी स्कूल के गेट पर बैठ कर प्रदर्शन किया जहां पर निगम का दस्ता प्राइमरी स्कूल के अंदर कूड़ा घर बनाने के लिए बुलडोजर लेकर आया था जिसके आगे बैठकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा हाय हाय भाजपा होश में आओ शिक्षा के मंदिर में कूड़ा घर मत बनाओ आदि नारे लगाए इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए

निगम पार्षद श्रीमती पूनम बागड़ी में कहा कि जहां सकूल को शिक्षा का मंदिर कहा गया है वहीं भाजपा निगम पार्षद द्वारा स्कूल में कूड़ा घर बनाना है मानवीय कार्य है श्रीमती बागड़ी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम ने 2010 में एक प्राइवेट कंपनी को दिल्ली मैं कूड़ा घर घर से उठाने के टेंडर दिए थे जिसमें प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत कूड़ा घर खत्म करने थे इस मामले में जब उन्होंने आवाज उठाई थी तब निगम कुंभकरण नींद से जागे आनन-फानन में स्कूलों में कंपैक्टर मशीन लगाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है जिसे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे श्रीमती पूनम बागड़ी ने यह भी कहा के आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा निगम पार्षद की जमानत जब्त करा कर सबक सिखाएंगे इस प्रदर्शन को निगम पार्षद अजय शर्मा पूर्व निगम पार्षद अजीत यादव वार्ड अध्यक्ष अशोक भास्कर पूर्व प्रत्याशी सतीश कुमार मोहनिया सतीश कुमार आदि नेता शामिल थे।

दिल्ली में हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, एक कॉलगर्ल सहित 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों की एक टीम ने दिल्ली में एक हाई प्रोफाइल वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक लड़की सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 21 मार्च को एक मुखबिर के माध्यम से आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस को आईजीआई एयरपोर्ट पर एरोसिटी क्षेत्र के आसपास वेश्यावृत्ति रैकेट चलाए जाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद इलाके में छापेमारी करने के लिए पुलिस की स्पेशल टीम गठित की गई।

पुलिस टीम एयरोसिटी इलाके में पहुंची और रैकेट में शामिल एक महिला को होटल छोड़ने आए नवीन नाम के आरोपी दलाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने महिला को होटल के अंदर और नवीन को होटल के बाहर से पकड़ा।

पुलिस ने कहा कि आरोपी नवीन से मुखबिर के जरिए संपर्क किया गया

था। आरोपी को पकड़ने के लिए होटल हॉलिडे इन में एक कमरा भी बुक किया गया था।

नवीन उस महिला को होटल में पहले से इंतजार कर रहे नकली ग्राहक के पास छोड़ने आया था। उसने उसे होटल के बरामदे में छोड़ दिया और तय राशि एडवांस में ले ली।

इसके बाद युवती होटल पहुंची और नकली ग्राहक से एडवांस पैसे ले लिए। नकली ग्राहक के इशारे पर छापेमारी टीम होटल के कमरे में दाखिल हुई और महिला पुलिस की मदद से लड़की को पकड़ लिया गया। इस बीच लड़की को छोड़ने आए नवीन को होटल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की अनैतिक तस्करी और रोकथाम अधिनियम (आईटीपी) की धारा 4, 5 के तहत आईजीआई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपी ग्राहकों से संपर्क करने के लिए वॉट्सऐप का इस्तेमाल करते थे, जहां वे ग्राहकों को लड़कियों की तस्वीरें भेजते थे और टोकन मनी प्राप्त करने के बाद दलाल लड़की को बताए गए स्थान पर छोड़ देता था।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि दलाल नवीन सह आरोपी रियाश सिद्दीकी के साथ गुड़गांव के सेक्टर-45 में लीज पर लिए गए एक होटल से सेक्स रैकेट चला रहा था।

दोनों अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर दिल्ली और एनसीआर में देह व्यापार का संगठित रैकेट चला रहे थे। मामले की आगे की जांच जारी है, अन्य दलालों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

लाखों के आभूषण लेकर घरेलू सहायिका फरार

नोएडा। एक घरेलू सहायिका सेक्टर 48 अपने मकान मालिक के घर से लाखों रुपये के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर ले गई। इस संबंध में थाने में केस दर्ज किया गया है। उषा नाम की महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्ट 27 ए ब्लॉक में रहती है। उसका बताया कि उनके घर पर गीता नाम की महिला घरेलू सहायिका काम करती थी। आरोप है कि रविवार को वह उनके घर से लाखों रुपये के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गई। जब उषा को घर में आभूषण नहीं मिले तो उन्होंने गीता के मोबाइल नंबर पर फोन किया, लेकिन उसका नंबर बंद मिला। इसके बाद उसको घरेलू सहायिका पर शक हुआ। पीड़िता का कहना है कि आरोपिता घर से सोने की चूड़ी, कान की बाली, सोने के पेंडेंट, पायल व कई जोड़ी कपड़े चोरी करके ले गई है। पुलिस ने मकान मालकिन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसको लेकर कुछ संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बैंकों की हड़ताल से उद्यमियों का 2000 करोड़ का क्लीयरेंस फंसा

गाजियाबाद। लगातार चार दिन बैंक बंद रहने से गाजियाबाद के उद्यमियों के करीब 2000 करोड़ रुपए के चेक बैंकों में क्लीयरेंस में फंस गए हैं। इससे उद्यमियों और कारोबारियों की परेशानी बढ़ गई है। एनसीआर के प्रमुख औद्योगिक नगरी में शामिल गाजियाबाद के सैकड़ों उद्यमी रोजाना बैंकों से करोड़ों का ट्रांजैक्शन करते हैं। वही जिले में कई कारोबार के थोक बाजार हैं। आयात, निर्यात, खरीद के लिए उद्यमियों एवं कारोबारियों को बैंकों से आरटीजीएस करना पड़ता है। बैंकों में लगातार दो दिन शनिवार रविवार अवकाश होने तथा 28 ऑल 29 मार्च को हड़ताल की वजह से चेक का क्लीयरेंस व आरटीजीएस का कार्य फस गया है।

गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022 का मार्च आखिरी महीना है। महीने में अब 2 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में ऐसे में आखरी के 1 सप्ताह में लगातार 4 दिन बंद नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के करीब दो हजार करोड़ के रुपये की विभिन्न बैंकों में चेक क्लीयरेंस के लिए जमा किए गए थे, जो क्लीयरेंस नहीं होने फस गए हैं। उन्होंने कहा कि आखिरी सप्ताह में उद्यमी और कारोबारी केंद्रीय एवं राज्य सरकार को सालाना जीएसटी रिटर्न, आयकर रिटर्न जमा करना पड़ता है। विद्युत निगम एवं नगर निगम को भी बिजली बिल एवं हाउस टैक्स के रूप में शुल्क जमा कराते हैं। इसके लिए बैंकों में चेक क्लीयरेंस की जाती है। शनिवार से लगातार बैंक बंद होने से उद्यमों उद्यमियों उद्यमियों की बेचैनी बढ़ गई है वही विभाग से विभागों से राजस्व जमा करने के लिए बार-बार तगादा किया जाता है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप बंसल ने बताया कि 28 और 29 मार्च की हड़ताल करीब 10 से 15 दिन पहले घोषित की गई थी। सरकार को मार्च महीने के आखिरी सप्ताह में लगातार चार दिन बंदी को देखते हुए बैंकों में चौथे शनिवार का अवकाश रद्द कर देना चाहिए था।

गोलियां की तड़तड़ाहट से गूंजा गाजियाबाद, बदमाशों ने दिनदहाड़े पेट्रोल पंप कर्मियों से 25 लाख रुपये लूटे

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मसूरी थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम सी-ब्लॉक में दो बाइकों पर आए तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े गोलियां चलाकर पेट्रोल पंप कर्मचारियों से 25 लाख लूट लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश आसानी से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया।

एसएसपी समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बदमाशों को ट्रेस करने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

मसूरी थानाक्षेत्र के डासना में इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप है। सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे पेट्रोल पंप के कर्मचारी पप्पू कुमार कामत और सन्नी शुक्ला तीन दिन का 25 लाख रुपये कैश लेकर गोविंदपुरम स्थित एचडीएफसी बैंक में जमा कराने जा रहे थे। पेट्रोल पंप का मैनेजर रितेश कुमार और एक अन्य कर्मचारी ऋषभ शर्मा दूसरी बाइक पर उनके पीछे-पीछे

आ रहे थे। जैसे ही कर्मचारी गोविंदपुरम बी-ब्लॉक में पहुंचे तो स्प्लेंडर व अपाचे बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक करके कैश लेकर जा रहे कर्मचारियों की बाइक रुकवा ली और कैश से भरा बैग लूट लिया।

विरोध करने पर बदमाशों ने एक के बाद एक तीन राउंड गोलियां चलाकर दहशत फैला दी। इसके बाद बदमाश कैश लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद एसएसपी पवन कुमार, एसपी ग्रामीण डॉ. ईरज राजा, एएसपी सदर आकाश पटेल फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

एसएसपी पवन कुमार ने कहा कि तीन बदमाशों द्वारा पेट्रोल पंप कर्मचारियों से 25 लाख रुपये लूटने की सूचना मिली है। बदमाशों द्वारा तीन राउंड गोलियां भी चलाई गईं। घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच समेत तीन टीमें गठित की गई हैं। बदमाशों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

संपादकीय

महंगाई को काबू करने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है मोदी सरकार

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान ही लोगों को आशंका होने लगी थी कि जैसे ही चुनावी नतीजे आएंगे उसके बाद देश के आम जनता को एक बार फिर महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। चुनाव के नतीजे आते ही लोगों की आशंका सही साबित हुई और केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी करनी शुरू कर दी। चुनावी नतीजों के बाद से अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी की जा चुकी है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में भी 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हो चुकी है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर ही तोड़ कर रख दी है। रही सही कसर गैस सिलेंडरों की दर में वृद्धि करके कर दी गई है। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने कोरोना के नाम पर गैस सिलेंडरों पर मिलने वाली सब्सिडी को बंद कर दिया था जिसे अब तक फिर से शुरू नहीं किया गया है। जबकि केन्द्र सरकार द्वारा आगामी एक अप्रैल से कोरोना के चलते लगाये गये सभी तरह के प्रतिबंध हटाए जाने की घोषणा की जा चुकी है।

चुनाव के दौरान वोट लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में जनता के लिए बड़ी-बड़ी लुभावनी घोषणाएं करते हैं। मगर जैसे ही चुनावी प्रक्रिया समाप्त हो जाती है। उसके बाद देश की आम जनता को महंगाई के डबल डोज का सामना करना पड़ता है। ऐसी दोमुंही बातों से देश के आम आदमी का जीना ही मुहाल हो गया है। देश में खाद्य पदार्थों की कीमतें पहले ही आसमान छू रही हैं। प्रतिदिन काम में आने वाली वस्तुओं की कीमतों में हर दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। आटे, दाल, चावल, फल, सब्जियों की कीमत अचानक ही बहुत बढ़ गई है। वहीं खाने का तेल भी लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। मौजूदा परिस्थितियों में देश के गरीब व मध्यम वर्ग का गुजर बसर करना मुश्किल हो गया है।

अनाज, दाल, तेल, और ईंधन के बाद अब देश में दवाएं भी महंगी हो सकती हैं। अप्रैल से अधिसूचित दवाओं के करीब 10 फीसदी तक दाम बढ़ सकते हैं। राष्ट्रीय दवा मूल्य नियामक थोक मूल्य सूचकांक में हुए बदलाव से अधिसूचित दवाओं की कीमतें बढ़ाने की इजाजत दे सकता है। अधिसूचित दवाएं आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में आती हैं। इसमें एंटीबायोटिक, विटामिन, मधुमेह, रक्तचाप नियंत्रक सहित अन्य दवाएं आती हैं।

देश में एक तरफ जहां लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है वहीं रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। चुनाव के दौरान सरकार लाखों लोगों को नई नौकरियां देने की घोषणाएं करती है। मगर नई नौकरी की बात करना तो दूर जो लोग रिटायर हो रहे हैं सरकार उनके पदों को ही समाप्त कर नई नौकरियों के अवसर को समाप्त करती जा रही है। ऐसे में युवाओं के और अधिक बेरोजगार होने की संभावना में बढ़ोतरी होती जा रही है।

केंद्र सरकार का पूरा ध्यान निजीकरण की तरफ होने से पढ़े-लिखे शिक्षित बेरोजगारों में बेरोजगारी की आशंका व्याप्त हो रही है। शिक्षित युवाओं को लगने लगा है कि आने वाले समय में सरकार के भरोसे उन्हें रोजगार मिलने वाला नहीं है। सरकारी नौकरियों में खुलेआम बंदरबांट हो रही है। बड़ी पहुंच और पैसों के बल पर ही सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। ऐसे में आम गरीब का बेटा नौकरी की आस ही छोड़ चुका है। महंगाई के साथ ही देश में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकारी कर्मचारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। इस कारण वे बेखौफ होकर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।

केंद्र में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तब देश की जनता को लगा था कि अब भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हो जाएगा। मगर कुछ समय तक भ्रष्टाचार रोकने की बातें होती रही उसके बाद वही पुरानी व्यवस्थाएं चलने लगीं। आज कोई भी नेता भ्रष्टाचार रोकने की बातें नहीं करता है। सबको अपना भविष्य सुरक्षित बनाने की चिंता लगी हुई है। ऐसे में सब अपने को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने में लगे हुए हैं।

प्रारम्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार रोकने के लिए बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे। मगर अब लगता है कि वह भी पुराने ढर्रे में ढल गए हैं। उनको भी लगने लगा है कि इस देश में भ्रष्टाचार रोकना उनके बस की बात नहीं है। केंद्र के साथ ही भाजपा शासित राज्यों में आए दिन भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े स्कैंडल उजागर हो रहे हैं।

समान आचार संहिता समूचे देश में लागू हो

ललित गर्ग

समान नागरिक आचार संहिता का मुद्दा आज एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल यह मुद्दा आज का नहीं है, यह अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के नजरिये से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित में चिन्तन, निर्णय एवं क्रियान्वयन की अपेक्षा है। भले ही भाजपा के लिये यह चुनावी मुद्दा रहा हो, लेकिन इसको लागू करने की अपेक्षा सभी जाति, धर्म, वर्ग, भाषा के लोगों के हित में हैं। हां, इसे लागू करने का साहस एवं दूरदर्शिता भाजपा और उसके नेता प्रदर्शित कर रहे हैं, यह स्वागतयोग्य है। इसे मजहब या साम्प्रदायिकता की राजनीति से ऊपर उठ कर पूरे देश की सामाजिक समरसता के नजरिये से देखा जाना चाहिए। संवैधानिक दृष्टि से भी यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि भारत का संविधान धर्म या जाति-बिरादरी अथवा स्त्री-पुरुष या क्षेत्रीय पहचान की परवाह किये बिना प्रत्येक नागरिक को एक समान अधिकार देता है। उत्तराखंड के पुन: मुख्यमन्त्री बने श्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस तरह राज्य में एक समान नागरिक आचार संहिता को लागू करने के अपनी पार्टी भाजपा के चुनावी फैसले को लागू करने का इरादा जाहिर किया है उसका देश के सभी राज्यों में बिना आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के स्वागत किया जाना चाहिए।

भारत विविधताओं से भरा देश है। यहाँ विभिन्न पंथों व पूजा पद्धतियों को मानने वाले लोग रहते हैं। इन सबके शादी करने, बच्चा गोद लेने, जायदाद का बंटवारा करने, तलाक देने व तलाक उपरांत तलाकशुदा महिला के जीवनयापन हेतु गुजारा भत्ता देने आदि के लिए अपने-अपने धर्मानुसार नियम, कायदे व कानून हैं। इन्हीं नियमों, कायदे व कानूनों को पर्सनल लॉ कहते हैं। अंग्रेज जब भारत आए और उन्होंने यह विविधता देखी, तो उस समय उन्हें लगा पूरे देश को सुचारुरूप से चलाने के लिए एक समान नागरिक आचार संहिता बनानी आवश्यक है। जब उन्होंने ऐसा करने की कोशिश की तो हर धर्मों के लोगों ने इसका विरोध किया। ऐसे में उन्होंने लम्बे समय तक यहाँ अपने पांव जमाये रखने के लिए किसी से उलझना ठीक नहीं समझा। इन परिस्थितियों में 1860 में उन्होंने इंडियन पैनल कोड तो लागू किया पर इंडियन सिविल कोड नहीं। यानि एक देश-एक दंड संहिता तो लागू की, लेकिन एक देश-एक नागरिक संहिता लागू करने का जिम्मेदारी एवं साहसपूर्ण काम नहीं किया। उसके बाद बनी सरकारों ने तो अंग्रेजों की सोच एवं नीतियों का ही अनुसरण किया, इसलिये वे भी अपने राजनीतिक हितों के लिये इसे लागू नहीं किया। जबसे नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए ऐसे राष्ट्रहित के निर्णय लेकर राष्ट्र को नया उजाला एवं सांसें दी है। भले ही वह कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने का साहसिक एवं सूझबूझभरा निर्णय हो या तलाक का मुद्दा।

कांग्रेस ही सरकारों ने हिन्दू एवं अन्य धर्मों को कमजोर करने एवं मुस्लिमों को संख्याबहुल बनाने के लिये अपने हित को सर्वोपरि माना। अपनी इन्हीं गलत नीतियों एवं संकीर्ण राजनीति के कारण कांग्रेस लगातार कमजोर होते होते अब एकदम रसातल में जा चुकी है। आजादी के बाद जिस तरह मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों को उनकी मजहब की पहचान के आधार पर उनके धार्मिक कानूनों को मान्यता देने का प्रावधान किया गया वह देश की आन्तरिक एकता व समरसता में व्यवधान पैदा करने वाला था। सभी मत-मजहब वालों के लिए तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार, विवाह की आयु, बच्चों को गोद लेने और विरासत संबंधी नियम एक समान बनाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि इन सभी मामलों में एक जैसे नियम बन जाते हैं तो समान नागरिक संहिता का उद्देश्य पूरा हो जाएगा। इसकी शुभ शुरुआत देवभूमि से हो रही है, यह सुखद संकेत है।

तथ्य यह भी है कि गोवा में समान नागरिक संहिता पहले से ही लागू है और वहां सभी समुदायों के लोग रहते हैं। आखिर जो व्यवस्था गोवा में बिना किसी बाधा के लागू है, वह शेष देश में क्यों नहीं लागू हो सकती? प्रश्न यह भी है कि जब अन्य कई लोकतांत्रिक देशों में तुर्की, सूडान, इंडोनेशिया, मलेशिया, बांग्लादेश, इजिप्ट और पाकिस्तान में समान नागरिक संहिता लागू है तो भारत में उसका विरोध क्यों होता है? देश के अनेक मुस्लिम संगठनों ने आजादी के आन्दोलन में सहयोग एवं सहभागिता ही नहीं की, बल्कि भारत के बंटवारे का विरोध भी किया था। लेकिन आजाद भारत में इन संगठनों ने भी कभी मुसलमानों को भारत की राष्ट्रीय धारा में मिलने की प्रेरणा नहीं दी और उनकी मजहबी पहचान को खास रुतबा दिये जाने की ही कोशिशें करते हुए सर्वाधिक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी को इसके उपाय सुझाये। सबसे दुखद यह है कि 1947 में मजहब के आधार पर ही मुसलमानों के लिए अलग राष्ट्र पाकिस्तान बनाये जाने के बावजूद हमने अपनी राष्ट्रीय नीति में परिवर्तन नहीं किया और इसके उलट उन्हीं प्रवृत्तियों व मानसिकता को मुल्ला-मौलवियों व मुस्लिम उलेमाओं की मार्फत संरक्षण दिया गया जिन्होंने भारत के बंटवारे तक में अहम भूमिका निभाई थी। जिसकी वजह से भारत में मुसलमानों की राजनैतिक पहचान एक 'वोट बैंक' के रूप में बनती चली गई और 'मुस्लिम तुष्टीकरण' का अघोषित एजेंडा चल पड़ा। देश में मुसलमान लगातार बहुसंख्य बनने की ओर अग्रसर होता रहा और बहुसंख्य हिन्दू लगातार अल्पसंख्य होने की कगार पर अग्रसर होता रहा। सोचने वाली बात तो यह है कि कांग्रेस ने भी मुसलमानों को वोट बैंक से अधिक नहीं समझा और अपने स्वार्थ के लिये उनका इस्तेमाल किया। इससे इस समुदाय के लोगों का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परिवेश हमेशा पिछड़ा ही रहा। अब मोदी सरकार न केवल इस वर्ग के लोगों का जीवनस्तर ऊपर उठाने की कोशिश कर रही है, बल्कि उन्हें उन्नत जीवनशैली भी दे रही है।

इंडियन पेनल कोड 1860 की धारा 494 के अनुसार कोई भी स्त्री या पुरूष एक विवाह के रहते दूसरा विवाह नहीं कर सकता। दूसरी ओर मुस्लिम पुरुष 4 शादियां कर सकता है। सीआरपीसी 1973 की धारा 125 के अनुसार तलाकशुदा पत्नी पति से आजन्म गुजारा भत्ता लेने की हकदार है। मुस्लिम महिलाओं के लिए ऐसा नहीं है। शाहबानो केस इसका उदाहरण है। इसी तरह बाल विवाह निषेध अधिनियम 1929 के अनुसार बाल विवाह अपराध है, परन्तु मुस्लिम समाज के लिए यह अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। ईसाई विवाह अधिनियम 1872, ईसाई तलाक अधिनियम 1869 भी पुराने हैं व हिन्दू विवाह अधिनियम से अलग हैं। ये विषमताएं देश की धर्मनिरपेक्षता पर प्रश्नचिन्ह हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर्वोच्च प्रमुख श्री मोहन भागवत का समान आचार संहिता पर बहुत ही तर्कसंगत दृष्टिकोण हैं। इस मुद्दे को लेकर संघ और भाजपा पर अत्यंत संकीर्ण, सांप्रदायिक और समाज-विरोधी दृष्टिकोण का आरोप लगता रहा है। जबकि मोहन भागवत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट है कि जो भारत में पैदा हुआ और जो भी भारत का नागरिक है, वह हिंदू है। हिंदू होने और भारतीय होने में कोई फर्क नहीं है। समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर भी मोहन भागवत की राय है कि सर्वसम्मति के बिना इसे लागू करना उचित नहीं होगा।

उत्तराखंड पूरे देश में 'देवभूमि' के नाम से जाना जाता है, यह अध्यात्म की अलौकिक भूमि है, जहां सद्भावना एवं सौहार्द इंसानों में ही नहीं, जीव-जंतुओं एवं पशु-पक्षियों तक में व्याप्त है। संकीर्णता से ऊपर उठ कर जो किसी भी व्यक्ति में ईश्वर की सर्व व्यापी निरंकार सत्ता का बोध कराती है। ईश्वर की पृथ्वी पर इस निकटता को केवल सनातन या हिन्दू दर्शन अथवा इस धरती से उपजे अन्य धर्म दर्शन ही बताते हैं। अत: बहुत आवश्यक है कि इस देवभूमि में सभी नागरिकों का आचरण एक समान ही हो और सभी के लिए सामाजिक नियम एक समान हों। वैसे गौर से देखा जाये तो 2000 में उत्तराखंड बनने से पहले और बाद में भी इसकी पर्वतीय जनसंख्या में खासा परिवर्तन आया है और पहाड़ों पर मुस्लिम जनसंख्या में खासा इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में मदरसों की संख्या तक में अभिवृद्धि हो रही है। जब धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होगा तो देश सही मायने में धर्मनिरपेक्ष बनेगा। विभिन्न समुदायों के बीच एकता की भावना पैदा होगी। एक ही विषय पर कम कानून होने से न्यायतंत्र को भी फैसले देने में आसानी होगी। कई मुस्लिम देशों जैसे टर्की व ट्यूनिशिया आदि ने भी शरीयत से हटकर नागरिक कानून बनाये हैं। मुस्लिम समाज को मुख्य धारा में आने व अपने सामाजिक उत्थान के लिए सरकार पर समान नागरिक आचार संहिता लागू करने के लिए दबाव बनाना चाहिए। राजनीतिक दलों एवं विभिन्न राज्य सरकारों को भी मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक ना मानते हुए तुष्टीकरण की नीतियों से ऊपर उठ कर सामाजिक समरसता व हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करना चाहिए।

हिजाब प्रकरण दर्शाता है कि कुछ लोग अलग दिखने की जिद पर अड़े हुए हैं?

डॉ. सौरभ मालवीय

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां सभी धर्मों और संप्रदायों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। सभी को अपने-अपने धर्म के अनुसार धार्मिक कार्य करने एवं जीवन यापन करने का अधिकार प्राप्त है। परन्तु कुछ अलगाववादी शक्तियों के कारण देश में किसी न किसी बात को लेकर प्राय: विवाद होते रहते हैं। इन विवादों के कारण जहां शान्ति का वातावरण अशांत हो जाता है, वहीं लोगों में मनमुटाव भी बढ़ जाता है। ताजा उदाहरण है हिजाब प्रकरण। कर्नाटक के उडुपी से प्रारंभ हुआ हिजाब प्रकरण थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध लगाने को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को खारिज कर दिए जाने के पश्चात यह मामला अब सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय का कहना है कि छात्रों को स्कूलों में हिजाब नहीं, यूनिफॉर्म पहननी होगी। न्यायालय का कहना है कि हिजाब पहनना इस्लाम की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। हिजाब मामले में राज्य के एडवोकेट जनरल प्रभुलिंग नवादगी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के सामने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य अंग नहीं है और इसके उपयोग पर रोक लगाना संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं है। उन्होंने कहा कि हिजाब धर्म के पालन के अधिकार के अंतर्गत दिखावे का भाग है। पूर्ण पीठ में न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी, न्यायाधीश जेएम काजी एवं न्यायाधीश कृष्णा एम दीक्षित सम्मिलित हैं। एडवोकेट जनरल ने कहा कि सरकार का आदेश संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन भी नहीं करता। यह अनुच्छेद भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिफॉर्म के बारे में सरकार का आदेश पूरी तरह शिक्षा के अधिकार कानून के अनुरूप है और इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि उडुपी के सरकारी प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज में यूनिफॉर्म का नियम वर्ष 2018 से लागू है, परन्तु समस्या तब प्रारंभ हुई जब विगत दिसंबर में कुछ छात्राओं ने प्राचार्य से हिजाब पहनकर कक्षा में जाने की अनुमति मांगी। इस पर उनके अभिभावकों को कॉलेज में बुलाया गया और यूनिफॉर्म लागू होने की बात कही गई, परन्तु छात्राएं नहीं मानीं और उन्होंने विरोध आरंभ कर दिया। जब मामला सरकार के संज्ञान में आया, तो उसने मामले को तूल न देने की अपील करते हुए एक उच्च स्तरीय समिति बनाने की बात कही। किन्तु छात्राओं पर इसका कोई प्रभाव नहीं हुआ। जब मामला बढ़ गया, तो सरकार ने 5 फरवरी को आदेश देकर ऐसे किसी भी वस्त्र को पहनने से मना कर दिया, जिससे शांति, सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही हो।

विशेष बात यह भी है कि उच्च न्यायालय ने पर्दा प्रथा पर भीमराव आंबेडकर की टिप्पणी का भी उल्लेख करते हुए कहा- पर्दा, हिजाब जैसी चीजें किसी भी समुदाय में हों तो उस पर बहस हो सकती है। इससे महिलाओं की आजादी प्रभावित होती है। यह संविधान की उस भावना के विरुद्ध है, जो सभी को समान अवसर प्रदान करने, सार्वजनिक जीवन में हिस्सा लेने और पॉजिटिव सेक्युलरिज्म की बात करती है। भारत में व्याप्त अनेक कुप्रथाओं ने महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित रखा है। पर्दा प्रथा भी उनमें से एक है। इस प्रथा के कारण महिलाओं को अनेक समस्याओं से जूझना पड़ा। उन्हें घर की चारदीवारी तक सीमित कर दिया गया। पुनर्जागरण के युग में समाज सुधारकों ने इन कुप्रथाओं के विरोध में जनजागरण आन्दोलन चलाया।

वाह क्या किस्मत पाई है!

रात रात भर जाग के, की उसने मेहनत ,
जीते बहुत से पुरस्कार और परिश्रम किया बेहद,
और कुछ लोगों ने कहा वाह क्या किस्मत पाई है,
आखिर कैसे एक ही कक्षा में इतने पुरस्कार लाई हे !

कम उम्र में ही उसने की नौकरी शुरू और बच्चों को ट्यूशन दिया ,
दिन भर काम रात भर पढ़ाई और खूब सारा अनुभव लिया,
और लोगों ने कहा वाह क्या किस्मत पाई है,
इतनी कम उमर में इतना सारा अनुभव केसे लाई हे!

कभी निमोनिया तो कभी ज्वाइंडिस तो छोटी सी उम्र में हृदय का ऑपरेशन होना,
जिंदगी दो पल की हो तो उसने सोचा क्यों ना फिर हर पल को खुल के जीना,
और लोगों ने कहा वाह क्या किस्मत पाई है
हर पल मे ये खुशी से मुस्कुराई है !

थोड़ी बड़ी ना हुई कुछ लोगों ने कहा उम्र जा रही इसकी करवा दो शादी,
टूटे सपने हुआ धोखा और उठाई तकलीफे
और हो गई बर्बादी,
दिखाई हिम्मत तोड़ा नाता और खोली अपनी छोटी सी कक्षा ,
पढ़ाया उन बच्चों को और उन नारियों को और सिखाया कैसे करते हैं स्वयं की सुरक्षा !

किया परिश्रम, मिली उपाधियां, कभी अखबार, कभी मैगजीन,
तो कभी रेडियो पर नाम,
और दिखाया और सिखाया कैसे होता है नारी का सम्मान ,

और लोगों ने कहा वाह क्या किस्मत पाई है,
इतनी कम उम्र में सफलता की ऊंचाइयां छूती जा रही है,

ऊपर वाला भी जब साथ देता है जब हम करते हैं प्रयास,
किस्मत भी उन्हीं का साथ देती है जो करते हैं खुद पे विश्वास,
किस्मत भी उन्हीं का साथ देती है, जो दिखाते हैं साहस,

आगे से ना कहना किसी कौ किस्मत वाली,
बगीचा किस्मत से नहीं मेहनत से बनता है,
जब उसमें काम करते हैं माली ,

तो फिर कभी कहो तो कहना मैं बनी हुं तो अपने साहस से, अत्यधिक प्रयास से,
बहुत से त्याग से, परिश्रम से, संघर्ष से और अटूट विश्वास से,
आप सभी के प्यार से, प्रोत्साहन से और बहुत सारे आशीर्वाद से!!

डॉ. माध्वी बोरसे!

सादा जीवन उच्च विचार भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है

सादा जीवन उच्च विचार सहज, सरल जीवन की कुंजी है

सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है - दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं- एड किशन भावनानी

कुदरत द्वारा रचित सृष्टि की 84 लाख् योनियों में सबसे अनमोल बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व ख्जाना धारे मानवीय योनिं नें सृष्टि में अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का प्रयोग कर इस सृष्टि को कहां से कहां पहुंचा दिया है!!! सूर्य, चंद्रमा, अग्नि, बारिश जैसे प्राकृतिक और कुदरती रचनाओं को भी आर्टिफिशियल बना दिया है!!! इतना ही नहीं एक आर्टिफिशियल रोबोट मानव भी बना दिया है बस अब एक कमीं रह गई है जो मानवीय मृत शरीर में जान फुकना और आर्टिफिशियल प्राकृतिक बच्चे प्रौद्योगिकी की तकनीकी पर बनाकर उसमें जान फूककर जन्म देना रह गया है जो मेरा मानना है कि मानवीय जीव यह कभी नहीं कर सकेगा!!! धन, माया, नाम शोहरत की खातिर मानव ने अपने चोबीस घंटे उसमें लगा दिए हैं जिसमें अपने जीवन को भारी तनावग्रस्त के समंदर में झोंक दिया है परंतु संतुष्टि फिर भी नहीं मिलेगी क्योंकि यह मार्ग ऐसा है कि इस पथ पर फिसलता ही चला जाता है और अंतिम लम्हों में सादा और सहज जीवन जीने की याद आती है तबतक सब कुछ निकल चुका होता है।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीव की अभूतपूर्व प्रगति की करें तो इस विचारधारा ने अनेक सुख सुविधाओं के साथ दुख्, तकलीफों को भी जन्म दिया है जिसका जीता जागता उदाहरण है वर्तमान जलवायु परिवर्तन से होने वाली विनाशकारी तबाही!!!

जिसके पीड़ित मानव के हृदय में यही बात आती है कि हमने प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है अब प्रकृति हमारे साथ खिलवाड़ कर रही है!!! और मानसिक विचारधारा सादा जीवन उच्च विचार की ओर लौटने की सोच को रेखांकित करती है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो यह सहज सरल जीवन की कुंजी है। सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है। दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं। मानव में दयालुता, सुविचार, मानवता, नम्रता झलकती है ऐसे मानवके समीप विक्कार जैसे द्वेषअभिमान अहम, अहंकार जैसे अनेक विकारों को भी आने से डर लगता है क्योंकि यह रेखांकित करने वाली बात है कि जहां सादा जीवन रहेगा वहीं उच्च विचारों, गुणवत्ता, चेतना, संतुष्टि का निवास हो जाता है और जीवन सहज, सरलता खुशियों से लबालब हो जाता है!!!

साथियों बात अगर हम सहज, सरल जीवन की करें तो बड़े - बुजुर्गों के मुंह से सुनते आए हैं- जीवन में शांति ज़रूरी है और शांति से रहना अपने हाथ में है। शांति तभी मिल सकती है, जब जीवन सरल हो।

कन्फ्यूशियस का कथन है- जीवन बेहद सरल है लेकिन हम उसे जटिल बनाने पर आमादा रहते हैं। भारतीय संस्कृति में तो वैसे भी हमेशा से सादा जीवन उच्च विचारों को अहमियत दी गई है। यूं भी कोई अस्त-व्यस्त, भ्रमित, दुविधाग्रस्त और दबाव में नहीं रहना चाहता। भीड़ चाहे लोगों की हो या वस्तुओं की, इच्छाओं की हो या अपेक्षाओं की, व्यक्ति की एकाग्रता को भंग करती है और उसे जीवन के अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति उदासीन बनाती है। भीड़ में खुद को गुम होने से बचाने का प्रयास ही सहज-सरल जीवन की कुंजी है।

साथियों बात अगर हम सादगी की करें तो, सादगी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता आती है। जैसे ही उसके भीतर यह चेतना आती है कि जीवन में क्या और क्यों महत्वपूर्ण है, वह इच्छाओं का सही प्रबंधन करने लगता है। इससे दुविधाएं कम होती हैं और दृष्टिकोण में स्पष्टता आती है। समय-समय पर अपनी जरूरतों और इच्छाओं का आकलन करना जरूरी है। कई बार ऐसा भी होता है कि जिस चीज से आज सुविधा महसूस होती है, वही भविष्य में असुविधा का कारण बन जाती है। हो सकता है, बड़ा घर लेना आज किसी की ख्वाहिश हो मगर उम्र बढने् के साथ यही घर असुविधाजनक हो सकता है क्योंकि वह इसका रखरखाव अच्छी तरह करने में असमर्थ होता है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो

यह कहावत हमें सिखाती है कि हम अपने जीवन को और भी मूल्यवान बना सकते हैं सिर्फ व्यर्थ के धन और सामान आदि चीजों को नजरंदाज करके। ये हमें सच्ची खुशी और आतंरिक संतुष्टि प्रदान करता है।ये यह भी बताता है कि सच्ची खुशी हमारे विचारों में ही होती है ना कि किसी और चीजों में। ये हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी जड़ों को पहचाने और किसी भी तरह के समृद्धि पाने वाले कार्य को नजर अंदाज करें। जीवन का सही मूल्य हमारे भौतिकवादी अधिग्रहण में नहीं है, बल्कि यह वह है जिसमें हम सोचते हैं, करते हैं, और प्रतिदिन हम कितने जीवन को छूते हैं।सादा जीवन उच्च विचार% यह कहावत हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करती है कि हम अपने जीवन को समृद्ध के बजाय अधिक सार्थक बनायें।

यहाँ जीने के साधारण तरीके से मतलब है जीवन जीने का एक सरल और गैर-महंगा मानक। हमें केवल सिर्फ उन चीजों के लिए ही चिंता करनी चाहिए जो हमारे जीवन के लिए बेहद आवश्यक है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सादा जीवन उच्च विचार भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है।सादा जीवन उच्च विचार सहज सरल जीवन की कुंजी है।सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता चेतना आती है।

दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं।

झगड़ रहे हैं आप !

चुन कर भेजा जनता ने ।
झगड़ रहे हैं आप ।।
ना हो न्याय काम से तो ।
है लगता फिर पाप ।।
देख रही है दुनिया ।
आप की करतूत ।।
मानता है क्षेत्र ।
आपको सपूत ।।
गरिमा और मर्यादा का ।
होगा रखना ध्यान ।।
गर्त में अब जा रहा ।
आपका सम्मान ।।
जनता ऐसे लोगों को ।
रही आज है चुन ।।
आ रहा हो शायद ।
देख कर सुकून ।।

कृष्णेन्द्र राय

शार्ट न्यूज

महोबा में सड़क हादसा, तीन मरे, दो घायल

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डम्फर की चपेट में आकर ई रिक्शा सवार महिला और उसके मासूम बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस उप अधीक्षक राम प्रवेश राय ने बताया कि कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में मुख्यालय के जिला परिषद रामलीला मैदान के निकट व्यस्तम चंद्रावल चौक में यह हादसा उस समय हुआ जब सवारियों से भरा एक ई रिक्शा छतरपुर की ओर से आ रहा था। तभी ढालदार सड़क पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डम्फर ने उसे रौंद डाला। इस घटना में ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटना में मृतक निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे है जो अपने किसी कार्य से महोबा आये थे। उनकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। घटना में बुरी तरह घायल हुए दो अन्य लोगो की हालत नाजुक होने पर उन्हें इलाज के लिए झांसी मेडिकल कालेज भेजा गया है।

देवरिया में बैंक की कैश वैन के लूटने का प्रयास, दो घायल

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया के सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक बैंक की कैश वैन को लूटने के प्रयास में कस्टोडियन को गोली मार दी। गार्ड की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को भी गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने बताया कि एचडीएफसी बैंक की एक कैश वैन को आज करीब 12 बजे दिन में बाइक सवार बदमाशों ने शहर के स्टेशन रोड के पास लूटने का प्रयास किया। लूट का विरोध करने पर शिवम सिंह ने वैन के कस्टोडियन प्रभुनाथ पाण्डेय गोली मारकर घायल दिया। जवाबी कार्रवाई में वैन के गार्ड योगेंद्र तिवारी ने बदमाश शिवम सिंह को गोली मारकर वैन को लूटने से बचा लिया। घायल कस्टोडियन को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। वैन के अन्य गार्ड नन्दलाल गौड़ ने बताया कि घटना के समय बदमाशों ने वैन के कस्टोडियन प्रभुनाथ पाण्डेय को पेट में गोली मारकर गाड़ी में मौजूद करीब 25 लाख रूपया लूटने जा रहे थे कि इसी हमारे साथ मौजूद गार्ड योगेंद्र तिवारी ने बदमाश के पैर में गोली मारकर घायल कर दिये। गौरतलब है कि एचडीएफसी बैंक की कैश वैन में गार्डों की नियुक्ति एक प्राइवेट गार्ड सर्विस से की गई है। वैन का गार्ड देवरिया में होमगार्ड का जवान है और वह होमगार्ड के साथ प्राइवेट गार्ड का भी नौकरी करता है।

इटावा को मिली सैनिक स्कूल की सौगात

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा को सैनिक स्कूल की सौगात मिली है । केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय ने गैर सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों व राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में 21 नए स्कूलों की स्थापना पूरे देश में की जा रही है। पार्टनरशिप मोड के तहत 100 नए स्कूल खोले जाने के क्रम में देश में चयनित 21 स्कूलों में से इटावा की संस्था विकास लोक सेवा समिति का चयन सैनिक स्कूल इटावा के संचालन के लिए हुआ है। इसकी शुरुआत दो मई से इटावा-फर्रूखाबाद मार्ग पर दतावली के पास होगी। समिति के सचिव अतिवीर सिंह यादव ने सोमवार को बताया कि सैनिक स्कूल की सौगात मिलने मे इटावा की जिलाधिकारी श्रुति सिंह का बड़ा योगदान है। रक्षा मंत्रालय की टीम ने उनके स्कूल का सर्वे किया था और पूरे प्रदेश में उन्हीं का स्कूल सैनिक स्कूल के रूप में चयनित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 100 नए स्कूलों की स्थापना के विजन का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। यह निजी क्षेत्र को आज के युवाओं को कल के जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए परिष्कृत करने के द्वारा राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी प्रदान करता है। यादव ने बताया कि नए सैनिक स्कूलों में सम्बद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल के पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे। कक्षा छह में प्रवेश 40 प्रतिशत उन उम्मीदवारों का होगा जिन्होंने ई काउंसिलिंग के माध्यम से एनटीए द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। 60 प्रतिशत तक प्रवेश उसी स्कूल में नामांकित और नए सैनिक स्कूलों के इस वर्टिकल के तहत योग्यता परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों का होगा। उन्होंने बताया कि उनका दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र का विकास करें। शिक्षा और साक्षरता में अंतर स्थापित करें। इटावा को मिली सौगात हमारे लिए गौरव है।

सतीश महाना का निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुना जाना तय

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष पद के लिये नामांकन दाखिल किया और किसी अन्य उम्मीदवार का नामांकन ना होने के कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो चुका है हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा मंगलवार को की जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सुरेश कुमार खन्ना और डा संजय निषाद समेत अन्य भाजपा विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की मौजूदगी में श्री महाना ने नामांकन दाखिल किया। विधानसभा के सूचना अधिकारी करमेश प्रताप सिंह ने कहा कि सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिये श्री महाना के नाम का प्रस्ताव दिया। इनमें मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) विधानमंडल दल के नेता अखिलेश यादव, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया शामिल थे।

राजपाल बालियान होंगे रालोद विधानमंडल दल के नेता

लखनऊ। मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजपाल बालियान को उत्तर प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) विधानमंडल दल का नेता नियुक्त किया गया है। पिछली 26 मार्च को लखनऊ स्थित रालोद कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी की अध्यक्षता में पार्टी विधायक दल की बैठक हुयी थी जिसमें विधानमंडल दल के नेता और अन्य पदों पर नियुक्ति का फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष पर छोड़ दिया गया था। इस परिपेक्ष्य में श्री चौधरी ने राजपाल बालियान को विधानमंडल दल का नेता नियुक्त करने की घोषणा की है। इसके अलावा मेरठ के सिवालखास क्षेत्र के पार्टी विधायक गुलाम मोहम्मद को विधानमंडल दल का उपनेता बनाया गया है। बागपत की छपरौली विधानसभा के विधायक अजय कुमार विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक नियुक्त किये गये हैं वहीं शामली के थानाभवन क्षेत्र के विधायक मोहम्मद अशरफ अली को उप सचेतक की भूमिका दी गयी है। हाथरस जिले में सादाबाद क्षेत्र के विधायक प्रदीप गुड्डू को विधानमंडल दल का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन ने 125 सीट जीती थी, इनमें से 33 सीट पर अपने प्रत्याशी उतारने वाले राष्ट्रीय लोकदल को आठ सीट मिली थी जबकि 2017 में इनका एक ही विधायक था।

सेना में भर्ती पर रोक जारी रखना युवाओं के लिये अच्छी खबर नहीं : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कोरोना काल में सेना की भर्ती पर लगायी गयी रोक को दो साल बाद भी जारी रखने के सरकार के फैसले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि सेना में भर्ती का जज्बा रखने वाले परिश्रमी युवाओं के लिये यह अच्छी खबर नहीं है। उन्होंने सरकार से कोरोना से उत्पन्न माहामारी के हालात अब सामान्य होने का हवाला देते हुए सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा, कोरोना के कारण सेना में भर्ती रैलियों के आयोजन पर पिछले दो साल से लगी हुई रोक अभी आगे लगातार जारी रहेगी। संसद में दी गई यह जानकारी निश्चय ही देश के नौजवानों, बेरोजगार परिवारों व खासकर सेना में भर्ती का जज्बा रखने वाले परिश्रमी युवाओं के लिए अच्छी ख़बर नहीं है। गौरतलब है कि कोरोना काल के दौरान 2020 से सेना के भर्ती अभियानों पर रोक लगी हुयी है।

कोरोना काल में दुनिया ने जानी आयुर्वेद की महिमा : योगी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना महामारी के वैश्विक संकट में पूरी दुनिया ने भारत की प्राचीन और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों में से एक आयुर्वेद की महत्ता को स्वीकार किया है।

गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज आयुर्वेद कॉलेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष के नवागत विद्यार्थियों के दीक्षा पाठ्यचर्या 'ट्रांजिशनल करिकुलम' समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये श्री योगी ने वर्चुअल माध्यम से कहा कि आयुर्वेद के प्रति न केवल देश बल्कि दुनिया में अलग ही रुझान देखने को मिल रहा है। आयुर्वेद को बढ़ावा देकर मेडिकल टूरिज्म, रोजगार और औषधीय खेती की संभावनाओं को व्यापक फलक दिया जा सकता है। निर्यात और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है हम इस अत्यंत प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति में निरंतर शोध और अनुसंधान की ओर अग्रसर रहें। दुनिया में आधुनिक चिकित्सा के आगे बढ़ने के क्रम में आयुर्वेद कहीं न कहीं अपेक्षित प्रगति नहीं कर सका पर जब कोरोना का संकट आया तो इसकी महत्ता को दुनियाभर में स्वीकार किया गया। कोरोना को हराने में आयुर्वेद सफल रहा है। इसके कारण विश्व में इसका स्थान बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हीन भावना के कारण आयुर्वेद की प्रगति बाधित हुई

तो इसका खामियाजा समाज को भुगतना पड़ा। आज जब इसका स्थापित महत्व फिर दुनिया के सामने हैए हमें शोध व अनुसंधान के जरिये इसके आयाम को और विस्तृत करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में मेडिकल टूरिज्म की शुरुआत आयुर्वेद ने ही की है। देश के कई राज्यों ने आयुर्वेद के महत्व को पहचाना और मेडिकल टूरिज्म के जरिये आरोग्यता के साथ रोजगार का अवसर भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से पूर्व विश्व में लोगों के जेहन में आयुर्वेद के प्रति हीन भावना थी। इस वजह से इस पद्धति का विकास सही तरीके से नहीं हो सका। इसके क्षेत्र में रिसर्च का भी अभाव था। अब परिस्थितियों में तेजी से बदलाव हुआ है। पंचकर्म एवं अन्य आयुर्वेदिक पद्धतियां पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुई हैं। यह पद्धति इलाज के साथ रोजगार सृजन कर रही है। देश में विदेशी मुद्रा ला रही है। यह इलाज की पद्धति अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे रही है।

श्री योगी ने कहा कि कोरोना काल के दौरान 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में करीब 23 हजार 400 लोगों की मौत हुई। सूबे की आबादी 25 करोड़ है।

इसी संक्रमण में 12 करोड़ की आबादी वाले महाराष्ट्र में एक लाख से अधिक मौतें हो गई। यही नहीं दो करोड़ की आबादी वाले दिल्ली में भी 30,000 से अधिक लोगों की मौतें हुई। प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में आयुर्वेद पद्धति का भी अहम योगदान रहा है। शायद ही कोई व्यक्ति होगा जिसने कोरोना संकट के दौरान आयुर्वेद का काढ़ा न पीया हो।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयुर्वेद पद्धति परगौरव की अनुभूति करनी चाहिए। यह प्राचीनतम और सटीक इलाज की पद्धति है।

उन्होंने संस्थाओं से आग्रह किया कि आयुर्वेद में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा दें। आयुर्वेद व्यापक संभावनाओं का क्षेत्र है। ये संभावनाएं आरोग्यताए रोजगार और कृषि से जुड़ी हैं। इन संभावनाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

योगी, अखिलेश समेत 348 विधायकों ने ली विस में शपथ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 18वीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विधानसभा के 348 नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को शपथ ग्रहण की।

403 सदस्यों वाली विधानसभा में योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधानमंडल दल के नेता हैं जबकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सदन में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभायेंगे। प्रोटेम स्पीकर रमापति शास्त्री ने योगी और अखिलेश समेत अन्य विधायकों को शपथ दिलायी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की। पहली बार विधायक बने कई सदस्यो के परिवार भी सदन की कार्यवाही देखने के लिये आये थे।

शपथ ग्रहण समारोह में सपा विधायक पल्लवी पटेल के शपथ ग्रहण करते ही सपा सदस्यों ने मेज थपथपा का उनका स्वागत कियया। इस दौरान विधान परिषद सदस्य और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सदन में मौजूद थे। गौरतलब है कि कौशांबी जिले की सिराथू सीट से पल्लवी पटेल ने केशव प्रसाद मौर्य को शिकस्त दी थी।

भाजपा विधायक नीलकंठ तिवारी, अनुपमा जायसवाल, मुक्ता संजीव राजा, संजय कुमार शर्मा, अनिल कुमार, विनोद शंकर अवस्थी, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, शशांक त्रिवेदी और ज्ञान तिवारी ने संस्कृत में शपथ ग्रहण की। इसी तरह सपा के जियाउर्रहमान और गुलाम मोहम्मद ने उर्दू में शपथ ली।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायकों ने जय श्रीराम, भारत माता की जय, वंदेमातरम और शेर ए हिंद मोदी योगी के नारे लगाये वहीं सपा विधायकों ने जय भीम और जय समाजवाद के नारे लगाये। सदन के नेता योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पूरे कार्यक्रम के दौरान अपनी सीट पर विराजमान रहे। गौरतलब है कि दोनो ही नेता पहली बार चुनाव लड़कर विधानसभा आये हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम मंगलवार को भी जारी रहेगा।

सदन में सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों की संख्या 255 है जबकि सपा का संख्या बल 111 है। शपथ ग्रहण समारोह के पहले अखिलेश यादव ने नेता सदन योगी आदित्यनाथ समेत सभी सदस्यों को शुभकामना प्रेषित की। इस दौरान सदन का माहौल बेहद सौहाद्रपूर्ण रहा। योगी के सदन में आते ही अखिलेश ने उन्हे जीत की बधाई दी जबकि योगी ने अखिलेश से हाथ मिलाने के साथ उनकी पीठ पर हाथ भी फेरा।

इससे पहले श्री योगी ने पत्रकारों से कहा कि देश में सबसे बड़ी विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों का वह स्वागत करते हैं।

नये सदस्य शपथ ग्रहण कर उत्तर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प भी लेंगे। उन्होंने कहा, 18वीं विधानसभा के लिये नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण आज होगा। देश के सबसे बड़े राज्य की विधानसभा अपने नवनिर्वाचित सदस्यों के स्वागत के लिये तैयार है। आज विधायक शपथ लेकर संविधान के अनुरूप उप्र के विकास में अपने योगदान का संकल्प लेंगे। मुझे विश्वास है कि सदन की मर्यादा और परंपरा का पालन करते हुए सदन की कार्रवाई को शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के समग्र विकास में सभी सदस्य रुचि लेकर उसे आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रोटेम स्पीकर शास्त्री नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराने के बाद मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कराकर 18वीं विधानसभा के गठन की प्रक्रिया को पूरा करायेंगे।

गौरतलब है कि 403 सदस्यीय विधानसभा के लिये हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 255 सीटें जीत कर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। सत्ताधारी दल के रूप में भाजपा के नेता चुने गये योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नयी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब 18वीं विधानसभा के गठन की विधिवत प्रक्रिया को नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ और नये विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के साथ पूरा किया जायेगा।

चुनाव में 111 विधायक जीतने वाली सपा सदन में मुख्य विपक्षी दल बन गया है। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश को पहले ही नेता विरोधी दल नियुक्त किया जा चुका है।

कुशीनगर के किसानो को दशकों से है एक अदद पुल का इंतजार

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के किसान दशकों से गंडक नदी में एक अदद पुल के निर्माण की बाट जोह रहे हैं। पुल के अभाव में सैकड़ों किसान हर रोज नाव के जरिये नदी पार कर खेत खलिहान का कामकाज देखते है जिसमें पैसे खर्च करने के साथ साथ कई मौकों पर उफनाती नदी में जान जोखिम में डालनी पड़ती है।

कटाई भरपुरवा गांव के पास गंडक नदी पर पुल न बनने से किसानों के लिए नाव ही एक मात्र आवागमन का माध्यम है। क्षेत्र के कई गांवों के किसानों को जान खतरे में डालकर नाव से गंडक नदी पार करनी पड़ती है। नदी में पानी अधिक होने पर नाव से और कम होने पर पानी के रास्ते आना-जाना पड़ता है। हालांकि, गंडक नदी पर पुल के लिए क्षेत्र के लोग कई बार धरना-प्रदर्शन, सत्याग्रह, हस्ताक्षर अभियान चला चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी नहीं हुई।

किसानो का कहना है कि कटाई भरपुरवा गांव के सामने बड़ी गंडक नदी पर पुल का निर्माण हो जाए तो समय से फसल की बुआई से लेकर अच्छी पैदावार हो जाएगी। साथ ही बगहां (बिहार) जाने के लिए महज छह किमी की दूरी तय करनी पड़ेगी। गंडक नदी के दियारा क्षेत्र में किसानों की करीब 2,500 एकड़ खेती है।

खेती करने के लिए किसानों को बरसात के समय नावों के सहारे आना-जाना पड़ता है। जून में जब बरसात शुरू होती है तो नदी में पानी ज्यादा हो जाता है। इस कारण किसानों को खेती करने के लिए जान जोखिम में डालकर नाव या तैरकर नदी पार कर खेतों में जाना पड़ता है।

वर्ष 2021 में छह बच्चों की मौत अलग-अलग महीनों में हुई थी। वहीं बिहार के बगहां में जाने के लिए करीब 70 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। अगर पुल का निर्माण हो जाए तो यह दूरी घटकर महज छह किमी ही रह जाएगी।

कटाई भरपुरवा गांव के सामने बड़ी गंडक नदी पर पुल निर्माण कराने के लिए इन गांवों के लोगों ने वर्ष 2019 में धरना दिया था। तत्कालीन विधायक जटाशंकर त्रिपाठी मौके पर आए थे और आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था। इसके अलावा लोगों ने कई बार सांसद विजय कुमार दुबे को भी ज्ञापन दिया।

सांसद ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर पुल निर्माण की मांग की थी, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि जून से नवंबर तक बड़ी गंडक नदी में पानी रहता है। ऐसे में नाव के सहारे ही आना-जाना पड़ता है। बहुत किसान फसल की देखरेख नहीं कर पाते है। दिसंबर से नदी में पानी सूख जाता है तो किसान आसानी से खेतों में चले जाते हैं। इस समय भी पानी कम है।

किसान गिरिजाशंकर ने कहा कि अगर गंडक नदी पर पुल का निर्माण हो जाता तो हम लोगों की सभी समस्याएं कम हो जातीं।

86 मिनट अपलक सूर्य दर्शन का बुजुर्ग ने बनाया अनोखा रिकार्ड

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 70 साल के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने बिना पलक झपकाए लगभग डेढ़ घंटे तक सूर्य को निहारने का अनोखा रिकार्ड कायम किया है।

राधा रेजार्ट मथुरा में हुए इस कार्यक्रम के समापन पर इण्डिया बुक आफ रेकार्ड के एडजुडीकेटर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 27 मार्च को महेन्द्र सिंह वर्मा ने एक घंटा 26 मिनट तक टकटकी लगाकर सूर्य को देखने का रिकार्ड कायम किया है। उन्होंने अपरान्ह तीन बजकर 57 मिनट पर बिना पलक झपकाए सूर्य को देखना शुरू किया तथा पांच बजकर 23 मिनट पर सूर्य को देखना बन्द किया।

एक अगस्त 1951 को जन्मे रिटायर्ड बिक्री कर अधिकारी वर्मा ने कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद पत्रकारों को बताया कि यह मेडिटेसन की एक कठिन प्रक्रिया है जिसे उन्होंने अपने गुरू से सीखा था तथा उन्ही के आशीर्वाद से वे इसे करने में सफल रहे। उनका कहना था कि वे अपना ही रेकार्ड तोड़ने में सफल रहे है।।

श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पूर्व ग्लोबल के सामने नंगी आंखों से एक घंटे तक सूरज को देखने का रेकार्ड बनाया था। उनका कहना था कि कुछ समय पहले उन्होंने गूगल में सर्च करके पाया था कि इस प्रकार का रेकार्ड मात्र 20 मिनट का है और तभी से उन्होंने इस रेकार्ड को बनाने का निश्चय किया थां।

कार्यक्रम की शुरूवात में कांग्रेस विधान मण्डल दल उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रदीप माथुर ने वर्मा को कार्यक्रम की सफलता के लिए अन्य लोगों के साथ शुभ कामनाएं दी तथा बाद में सफलतापूर्वक कार्यक्रम करने के लिए मौके पर ही साधुवाद दिया।

कार्यक्रम के समापन पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डा प्रतिभा बंसल ने वर्मा को पढने के लिये किताब का एक अंश दिया जिसे चश्मे का प्रयोग किये बिना उन्होंने पढ़कर सुना दिया।

डा प्रतिभा पे कहा कि सामान्यतया बिना पलक झपकाए टकटकी लगाकर सूरज को दखेने से उसका विपरीत प्रभाव रैटिना पर पडता है और इससे सनबर्न और रैटीनोपैथी हो जाती है मगर वर्मा ने इसका अभ्यास किया है इसलिए वे ऐसा करने में सफल रहे हैं।

बिजली इंजीनियरों की दो दिवसीय हड़ताल शुरू

लखनऊ। केन्द्र सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल सोमवार से शुरू हो गयी।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि देश भर की ट्रेड यूनियनों द्वारा दी गई दो दिवसीय हड़ताल की नोटिस के साथ देश के सभी प्रांतों के तमाम बिजली कर्मचारियों व इंजीनियरों ने भी केंद्र सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में आज से दो दिन की हड़ताल में प्रारम्भ कर दी है।

उन्होंने बताया कि बिजली कर्मियों ने देश भर में जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए। मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद, विजयवाड़ा, बेंगेलुरु, त्रिवेन्द्रम, भोपाल, पटियाला, शिमला, जम्मू, पटना, रांची, देहरादून में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर निजीकरण की नीति वापस लेने की मांग की गई।

दुबे ने बताया कि बिजली कर्मचारियों व इंजीनियरों की मांग है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 वापस लिया जाए, सभी प्रकार के निजीकरण की प्रक्रिया बंद की जाए, केंद्र शासित प्रदेशों खासकर मुनाफा कमाने वाले चंडीगढ़ ,दादरा नगर हवेली दमन दिउ तथा पुडुचेरी के बिजली के निजीकरण का फैसला रद्द किया जाए, बिजली बोर्डों के विघटन के बाद नियुक्त किए गए सभी बिजली कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम के अंतर्गत लाया जाए, राज्यों में सभी बिजली कंपनियों का एकीकरण कर केरल के केएसईबी लिमिटेड और हिमाचल प्रदेश के एचपीएसईबी लिमिटेड की तरह एसईबी लिमिटेड गठित किया जाए, नियमित पदों पर नियमित भर्ती की जाए और सभी संविदा कर्मचारियों को तेलंगाना सरकार की तरह नियमित किया जाए। उन्होंने बताया कि बिजली कर्मी चंडीगढ़ के निजीकरण का राष्ट्रव्यापी विरोध कर रहे हैं।

चंडीगढ़ का बिजली विभाग लगातार मुनाफे में चल रहा है ।वर्ष 2020 -21 में चंडीगढ़ के बिजली विभाग ने 257 करोड़ रु का मुनाफा कमाया है, चंडीगढ़ की हानियां मात्र 09.2 प्रतिशत हैं और चंडीगढ़ का टैरिफ हरियाणा और पंजाब से काफी कम है।

ऐसे में लगातार मुनाफा कमाने वाले बिजली विभाग का निजीकरण स्वीकार्य नही है और उसके विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

देवीपाटन मंदिर राजकीय मेले के लिये तैयार

बलरामपुर। देश की 51 शक्तिपीठों में एक देवीपाटन मंदिर में दो अप्रैल को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ होने वाले विशाल मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले की तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के पाटन गांव में स्थित देवीपाटन मंदिर को देश के 51 शक्तिपीठों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यहां देश के कोने-कोने से श्रद्धालु मां पाटेश्वरी का दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि व शारदीय नवरात्र में यहां हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। यह मंदिर नेपाल राष्ट्र के लोगों की आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस शक्तिपीठ के मुख्य संरक्षक हैं। चैत्र नवरात्रि में एक माह का मेला लगता है। जिसे सरकार ने राजकीय मेला घोषित किया है।

नेपाल स्थित पीर रतन नाथ की यात्रा भी यहां आती है। नेपाल सीमा पर स्थित होने के कारण शक्तिपीठ की संवेदनशीलता अधिक है। जिसके मद्देनजर शक्तिपीठ की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। इसे लेकर सुरक्षा मुख्यालय ने एक मानक तैयार किया है। सुरक्षा ऐसी होगी जिसमें परिंदा भी मंदिर के ईदगिर्द पर नहीं मार सकेगा। मानकों के अनुसार मंदिर की सुरक्षा के लिए पांच स्तरीय खाका तैयार किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था वर्ष में दो बार नवरात्रि के अवसर पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए की जाएगी।

जिलाधिकारी श्रुति ने बताया कि एक माह तक चलने वाले राजकीय मेले में देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य होगी। मंदिर में पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है।

इसमें आपातकालीन और आतंकवादी घटनाओं से निपटने के इंतजाम किए गए हैं। फैंटम व स्थाई मोर्चा के जरिए मंदिर की सुरक्षा को दो जोन में बांटा गया है। दोनों में

अलग-अलग सेक्टर बनाए गए हैं। एसपी हेमंत कुटियाल के अनुसार, तीन स्तरीय सुरक्षा यहां आने वाले अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के अवस्थापन पर आधारित है। चौथे स्तर की सुरक्षा में आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया है। पांचवें स्तर की सुरक्षा व्यवस्था मंदिर में किसी भी आतंकवादी घटना को लेकर तैयार की गई है। मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है। आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए फैंटम मोर्चा व स्थाई मोर्चा बनाया गया है। फैंटम मोर्चे की तैनाती मंदिर के सभी प्रमुख स्थानों पर होगी।

उन्होने बताया कि सुरक्षा मुख्यालय की सहायता से मंदिर सुरक्षा संचालन सिद्धांत को संशोधित किया जा रहा है। सभी प्रवेश द्वारों पर डोर फार्म मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। जवानों के लिए बैरक व स्थाई ड्रोन कैमरे का भी प्रस्ताव किया गया है। महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा होगी। मेले का सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों की चार बार बैठकें हो चुकी हैं। हर संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया जा चुका है। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी है कि किसी भी अनहोनी को रोका जा सकता है। मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती होगी।

मंदिर के महंत मिथलेशनाथ योगी ने बताया कि 30 दिनों तक चलने वाले इस मेले में दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं व दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए मेला प्रबंधक व्यवस्थाओं में जुट गए हैं। उन्होंने परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, देश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, खाद्य एवं रसद विभाग, रेलवे विभाग सहित जिलाधिकारी व तमाम विभागों के अधिकारियों को पत्र भेजकर आने वाले यात्रियों व दुकानदारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

इस वर्ष मेले में रेलवे विभाग से अतिरिक्त ट्रेनों की संचालन कराने की मांग की है। ट्रेनों की संचालन होने से मेले में दूरदराज से लोग आसानी से आ सकते हैं। मेले में सर्कस, जादूगर, झूला, मौत का कुआं, रेलगाड़ी, खिलौना, जंपिंग सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजेंगी। वहीं पर मंदिर प्रशासन द्वारा मेले में सभी श्रद्धालुओं व दुकानदारों के हितों की रक्षा के लिए अराजक तत्व पर खास नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शक्तिपीठ मंदिर परिसर में लगभग 24 सीसीटीवी कैमरे पहले से लगे हैं। जिससे इस स्थान पर आने वाले सभी लोगों की गतिविधियों को देखा जा सकता है।

मेला परिसर में खेल तमाशा और दुकानदारों का आना प्रारंभ हो गया है। चैत्र नवरात्र पर्व व मेला को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिस पर चैत्र नवरात्रि व मेला को लेकर चर्चा की गयी।

शार्ट न्यूज

शक्कर में खरीदी सुस्त, नारियल महंगा, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहनों में घटबढ़, दाल- चावल में पूछपरख

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी सुस्त बताई गई। खाद्य तेलों में गिरावट हुई। आज सोयाबीन रिफाइंड तथा मूंगफली तेल सस्ता बिका। दलहन में मिश्रित रंगत रही। एक तरफ चना कांटा सस्ता हुआ वहीं मसूर महंगी बिकी। दालों में ग्राहकी बताई गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3490 से 3540 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 12 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली रही इससे भाव ऊंचे बोले गए। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बना रहा। साबूदाना दिसावर के समर्थन में ऊंचा रहा। खाद्य तेल में गिरावट दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड तथा मूंगफली तेल सस्ता बिका। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज दलहन मिश्रित लिए रहे। आज चना सस्ता तथा मसूर ऊंची बिकी। दालों में लिवाली से भाव ऊंचे बोले गए। चावल में खरीदी सुधार लिए रही।

सिंगापुर की ई-कॉमर्स फर्म शॉपी ने भारत से समेटा कारोबार

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए सिंगापुर की ई-कॉमर्स कंपनी शोपी ने सोमवार को कहा कि उसने भारत में अपना कारोबार समेटने का फैसला किया है। कंपनी ने यूनीवार्ता से कहा, वैश्विक बाजार के अनिश्चिततताओं के बीच हमने भारत में अपनी शुरूआती चरण की शोपी इंडिया पहल को बंद करने का फैसला किया है। इस कंपनी की शुरूआत 2015 में हुयी। शोपी ने दक्षिणपूर्वी एशिया और ताइवान में अग्रिम ई-कॉमर्स कंपनी होने का दावा किया है। देश में पांच महीने पहले व्यापार शुरू करने वाली शोपी की प्रतिस्पर्धा दिग्गज कंपनियां अमेजॉन, फ्लिपकार्ट और मीशो से हुआ, जिसके बाद कंपनी ने अचानक कारोबार समाप्त कर दिया। दिल्ली स्थित ट्रेडर्स लॉबी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि शोपी का भारत से कारोबार बंद करने अच्छा कदम है। कैट के महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, बड़ी संख्या में विदेशी वित्त पोषित कंपनियां भारतीय कानून के साथ खिलवाड कर रही है और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ये कंपनियां या तो अपने तरीके बदले या फिर भारतीय बाजार को छोड़ दें। कैट लगातार एमेजॉन जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों पर लगाम लगा रही है और दावा किया है कि ये कंपनियां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

बेंगलुरु परियोजना से जीपीएल को हो सकती है 2,000 करोड़ रुपए की बिक्री आय

मुंबई। गोडरेज समूह की कंपनी गोडरेज प्रोपर्टीज (जीपीएल) ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने बेंगलुरु में आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए एक समझौता किया है, जिसमें लगभग 2000 करोड़ रुपए की बिक्री आय हो सकती है। कंपनी इस परियोजना के तहत दक्षिण बेंगलुरु में बन्नेरघट्टा रोड पर 33 एकड़ भूमि को विकसित करेगी। कंपनी ने सेबी को बताया,इस परियोजना में 34 लाख वर्गफुट बिक्री योग्य जगह निकलेगी। जिससे उसे 2,000 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हो सकती है। जीपीएल ने कहा कि मालिकों के साथ जमीन को पूरी तरह खरीदने का समझौता हुआ है, जिसमें पांच प्रतिशत हिस्सा मालिकों को दिया जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा,यह परियोजना दक्षिण बेंगलुरु में हमारी उपस्थिति को बढाएगी और भारत के बड़े शहरों की छोटे बाजारों में उपस्थिति को बढ़ाने की हमारी रणनीति के अनुकुल है।

कल्याण ज्वेलर्स ने पूर्व कैग विनोद राय को बनाया चेयरमैन

मुंबई। सोने का कारोबार करने वाली कंपनी कल्याण ज्वेलर्स इंडिया के निदेशक मंडल ने भारत के पूर्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक(कैग) विनोद राय को कंपनी का चेयरमैन बनाए जाने की संस्तुति की है। कंपनी ने सोमवार को विज्ञप्ति में बताया, निदेशक मंडल ने श्री राय को कल्याण ज्वेलर्स इंडिया के चेयरमैन और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। कंपनी ने कहा है कि श्री टी एस कल्याणारमन उसके प्रबंध निदेशक बने रहेंगे। कंपनी ने बताया कि श्री राय की नियुक्ति पर बाजार नियामक और शेयरधारकों की अनुमति ली जानी है।

मेडएंगेज स्कॉलरशिप प्रोग्राम से मेडिकल के 122 छात्र को मिली छात्रवृत्ति

नयी दिल्ली। नैदानिक सेवा प्रदाता मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर ने मेडएंगेज स्कॉलरशिप प्रोग्राम एंड समिट के तीसरे संस्करण में 122 मेडकिल छात्रों को छात्रवृत्ति और पुरस्कार प्रदान किये गये हैं। मेट्रोपोलिस की प्रमुख सीएसआर पहल मेडएंगेज स्कॉगलरशिप प्रोग्राम के तहत यह पुरस्कार और छात्रवृत्ति दी गयी है। मेडिकल के 122 छात्रों (फाइनल ईयर एमबीबीएस एवं एमडी/डीएनबी) को 90 लाख रूपये से ज्यादा के पुरस्कार और छात्रवृत्ति अनुदान दिये हैं। यह शैक्षणिक अंकों, पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों और प्रस्तुतियों में उनकी उपलब्धियों की सराहना के तौर पर किया गया है। मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सुशील शाह ने कहा, इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य मेडिकल के विद्यार्थियों को उनके थीसिस के टेस्ट के लिये, इंटर्नशिप प्रोग्राम में सहयोग के लिये और हमारी प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण के लिये अनुदान देकर उनके कठोर परिश्रम की सराहना करना है। यह कदम उठाकर हम उन्हें मेडिसिन के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी के बदलावों के लिये तैयार करना चाहते हैं। इस साल महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, दिल्ली, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में स्थित कई सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों से 5000 से ज्यादा छात्रों ने इसके लिए पंजीयन कराया था। डॉ. शाह ने कहा, हमारा मानना है कि इन मेडिकल विद्यार्थियों को हमारा लगातार सहयोग मिलने से यह अपनी पढ़ाई पूरी करने और भारत में अपनी मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिये प्रोत्साहित होंगे, जहाँ आबादी के लिहाज से डॉक्टरों की कमी है। पिछले तीन वर्षों में मेडएंगेज प्रोग्राम के सफल कार्यान्वयन के बाद मेट्रोपोलिस हर साल काफी बड़े आयोजन की मेजबानी करना चाहता है।

रुपया आठ पैसे मजबूत

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के नरम पड़ने के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में रही तेजी के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आठ पैसे चढ़कर 76.16 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 76.24 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया 12 पैसे की गिरावट लेकर 76.36 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 76.38 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम और 76.15 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में आठ पैसे चढ़कर 76.16 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

जी-7 ने रूस से आयातित ऊर्जा का भुगतान रूबल में करने की मांग ठुकराई

बर्लिन। सात देशों के समूह (जी-7) ने ऊर्जा आयात के लिए रूबल में भुगतान की रूस की मांग को खारिज कर दिया है। जर्मनी के ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। जर्मनी के ऊर्जा मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने संवाददाताओं से कहा, ''जी-7 के सभी ऊर्जा मंत्री इस बात से पूरी तरह सहमत है कि रूस से ऊर्जा संसाधन के आयात के लिए रूबल में भुगतान करना मौजूदा अनुबंधों का एकतरफा और स्पष्ट उल्लंघन होगा।'' हेबेक ने जी-7 देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक के बाद कहा, ''रूबल में भुगतान करना मंजूर नहीं किया जाएगा। हम प्रभावित कंपनियों से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर की मांग का पालन नहीं करने का आग्रह करेंगे।'' वहीं सोमवार को यह पूछे जाने पर कि क्या रूबल में भुगतान करने की मांग को अस्वीकार करने पर रूस यूरोपीय ग्राहकों को गैस की आपूर्ति में कटौती कर सकता है, रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, ''हम स्पष्ट रूप से मुफ्त में गैस की आपूर्ति नहीं करेंगे।''

47 प्रतिशत लोग निवेश के लिए रियल एस्टेट को देते हैं प्राथमिकता

नयी दिल्ली। देश के 47 प्रतिशत उपभोक्ता रियल एस्टेट में निवेश करना पसंद करते हैं, जो शेयर, सोना और सावधि जमा जैसे अन्य परिसंपत्ति वर्गों की तुलना में सबसे अधिक है।

हाउसिंग डॉटकॉम और नारेडको के एक संयुक्त सर्वेक्षण के अनुसार, अधिकांश संभावित घर खरीदारों को उम्मीद है कि अगले छह महीनों में उच्च लागत के कारण आवास की कीमतों में वृद्धि होगी और वे अपने सपनों के घरों की खरीदारी का निर्णय लेते समय छूट के साथ-साथ लचीली भुगतान योजनाओं की तलाश कर रहे हैं। डिजिटल रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉटकॉम ने प्रमुख उद्योग निकाय नारेडको के साथ 2022 कैलेंडर वर्ष की पहली छमाही के लिए उपभोक्ता भावनाओं को मापने के लिए 3,000 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया है। वर्ष 2020 की दूसरी छमाही के इसी तरह के सर्वेक्षण में केवल 35 प्रतिशत लोगों ने रियल एस्टेट खरीदने में रुचि दिखाई थी।

%आवासीय रियल्टी कंज्यूमर सेंटीमेंट आउटलुक (जनवरी-जून 2022)% रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि महामारी के बीच उपभोक्ता अन्य

परिसंपत्ति निवेश की तुलना में रियल एस्टेट को प्राथमिकता देना जारी रखे हैं। हाउसिंग डॉटकॉम, मकान डॉटकॉम एवं प्रॉपटाइगर डॉटकॉम के ग्रुप सीईओ ध्रुव अग्रवाला ने कहा, कोविड महामारी ने प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक घर के मालिक होने की आवश्यकता को प्रबल किया है। लोग बड़े और बेहतर घर चाहते हैं। हमारे आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में मांग में पुनरुद्धार के साथ आवास की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़ी। हमें पूरा विश्वास है कि बिक्री पूर्व-कोविड स्तर को पार कर जाएगी। सर्वेक्षण के अनुसार, संभावित घर खरीदारों में से आधे से अधिक (51 प्रतिशत) को लगता है कि आने वाले छह महीनों में घरों की कीमतों में वृद्धि होगी। 73 प्रतिशत लोगों का विचार था कि लचीली भुगतान योजनाएं और छूट उन्हें संपत्ति खरीद का निर्णय लेने के करीब लाएगी। संभावित घर खरीदारों में से 57 प्रतिशत रेडी-टू-मूव-इन (आरटीएमआई) संपत्ति खरीदना पसंद करेंगे। श्री अग्रवाला ने कहा, इससे पता चलता है कि संभावित खरीदार अब भी विश्वास की कमी के कारण निर्माणाधीन परियोजनाओं में फ्लैट बुक करने के मामले में सतर्क हैं, लेकिन स्थिति बदलने की संभावना है क्योंकि डेवलपर्स तेजी से यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि वे अपनी प्रतिबद्धता को समय सीमा में पूरा करें।

आईआईटी खड़गपुर में हुआ सुपरकंप्यूटर परम शक्ति का उद्घाटन

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर में एक पेटास्केल सुपरकंप्यूटर परम शक्ति को देश को समर्पित किया गया जो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की संयुक्त पहल है। मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि सुपरकंप्यूटर परम शक्ति का उद्घाटन रविवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने किया। इस अवसर पर आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर वी के तिवारी, डीएसटी के निदेशक डॉ. शिवाजी चंदराम के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कम्प्यूटेशनल और डेटा विज्ञान के बहु-विषयक क्षेत्र में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में तेजी के लिए परम शक्ति सुपरकंप्यूटिंग सुविधा उपलब्ध है। यह आईआईटी खड़गपुर और पड़ोसी शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के उपयोगकर्ता समुदाय को बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग दक्ष बना रही है।

आईआईटी खड़गपुर और सेंटर फॉर डेवलपमेंट इन एडवांस कंप्यूटिंग (सीडीएसी) के बीच मार्च 2019 में 44 जीपीयू के साथ 17680 सीपीयू कोर के साथ इस अत्याधुनिक सुपरकंप्यूटिंग सुविधा की स्थापना के लिए समझौता हुआ था। सुपरकंप्यूटर परम शक्ति में आरडीएचएक्स आधारित कुशल शीतलन प्रणाली का इस्तेमाल होता है, ताकि उच्च उपादेयता क्षमता हासिल हो सके। इस प्रणाली को आईआईटी खड़गपुर और सी-डैक में वाणिज्यिक, मुक्त-स्रोत और घरेलू सॉफ्टवेयर के लिये जांचा गया है। यह जांच विविधतापूर्ण एप्लीकेशनों से जुड़ी है।

आईआईटी खड़गपुर सुपरकंप्यूटिंग और डेटा विज्ञान के मूल सिद्धांतों और कृषि, खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, यांत्रिक इंजीनियरिंग, सामग्री विज्ञान आदि सहित विविध क्षेत्रों में उनके आवेदन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं, बूटकैंप आदि का आयोजन करता रहा है।

विज्ञप्ति में बताया गया कि सुपरकंप्यूटिंग आधारित अनुसंधान का कम्प्यूटेशनल फ्लूड डायनेमिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, जलवायु परिवर्तन एंड डिजिटल पृथ्वी, कम्प्यूटेशनल जैवविज्ञान, क्रिप्टोग्राफी एवं सुरक्षा, स्मार्ट अवसंरचना और स्वच्छ शहर, स्मार्ट सामग्री आदि क्षेत्रों में मूल्यवर्धन होगा।

इसके साथ ही एनएसएम ने सुपर-कंप्यूटिंग सुविधा का इस्तेमाल करने वाली कई एप्लीकेशन अनुसंधान परियोजनाओं को प्रायोजित किया है।

कमजोर हाजिर मांग के कारण जस्ता वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार से कमजोरी का संकेत लेते हुए सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा बाजारा में सोमवार को जस्ता की कीमत 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 336.80 रुपये किलो रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल महीने की डिलिवरी के लिये जस्ता की कीमत 1.25 रुपये यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 336.80 रुपये प्रति किलो रह गयी। इसमें 1,038 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की कमजोर मांग की वजह से कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से जस्ता वायदा कीमतों में गिरावट आई।

आयुष्मान खुराना बने गोदरेज अप्लायंसेज के ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली। गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने अपनी इकाई गोदरेज अप्लायंसेज एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर, माइक्रोवेव ओवन और एयर कूलर सहित विभिन्न उत्पादों के लिए अभिनेता आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आगामी महीनों में अप्लायंसेज सेक्टर मांग बढ़ने का अनुमान है। लगातार दो ग्रीष्मकाल महामारी से प्रभावित रहने के बाद, यह पहली गर्मी है जब पूर्ण रूप से महामारी से पूर्व की स्थिति आने का अनुमान है। अपनी विभिन्न भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित, आयुष्मान खुराना इस अप्रैल से शुरू होने वाले ब्रांड के श्रृंखलाबद्ध अभियानों में दिखाई देंगे।

गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा, बढ़ती मांग के साथ हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम अपने ब्रांड रिकॉल को भी मजबूत करें। ध्यानपूर्वक मूल्यांकन के बाद हमने आयुष्मान खुराना का चुनाव किया, जो ब्रांड के मूल्यों की दृष्टि से काफी समानता रखते हैं। गोदरेज की तरह आयुष्मान को भी उच्च स्तर की विश्वसनीयता हासिल है। उन्हें प्रगतिशील कंटेंट के साथ जुड़ने के लिए भी जाना जाता है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी हमें पूरे स्पेक्ट्रम में उपभोक्ताओं से जुड़ने और सोच के बनाया है के हमारे ब्रांड की विचारधारा को मजबूत करने में मदद करेगी।

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स व निफ्टी 0.40 प्रतिशत चढ़े

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, बैंकिंग और एनर्जी जैसी कंपनियों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में आज तेजी रही और इस दौरान सेंसेक्स एवं निफ्टी में 0.40 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 231.29 अंकों की तेजी के साथ 57593.49 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 69 अंक उठकर 17222 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा वहीं छोटी और मझौली कंपनियों में गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का मिडकैप 0.40 प्रतिशत उतरकर 23695.92 अंक पर और स्मॉलकैप 0.53 प्रतिशत टूटकर 27653.23 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में से गिरावट में रहने वालों में 0.50 प्रतिशत,

इंस्ट्रीयल 0.34 प्रतिशत, आईटी 0.38 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स 0.46 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.61 प्रतिशत की गिरावट में रहा। शेष समूहों में तेजी जिसमें तेल एवं गैस 1.07 प्रतिशत, बैंकिंग 1.01 प्रतिशत और एनर्जी 0.97 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है।

बीएसई में कुल 3664 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2334 गिरावट में और 1173 बढ़त में रहे जबकि 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर जापान के निक्केई 0.73 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अधिकांश सूचकांकों में तेजी रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.91 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.31 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 110 अंकों की बढ़त के साथ 57472.72 अंकों पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 56825.09 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन बाद वैश्विक स्तर से मिले सकरात्मक संकेतों के बल पर हुयी लिवाली से यह 57638.34 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

अंत में यह पिछले दिवस के 57362.20 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत अर्थात 231.29 अंक बढ़कर 57593.49 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 20 हरे निशान में और 10 लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी 28 अंकों की बढ़त के साथ 17181.85 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17235.10 अंक के उच्चतम और 17003.90 अंक के निचले स्तर तक के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 17153 अंक की तुलना में 69 अंक अर्थात 0.40 प्रतिशत उठकर 17222 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 29 हरे निशान में और 20 लाल निशान में रही जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ।

भू-राजनीतिक संकट छंटने, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के आक्रामक रुख से सोना पड़ सकता है फीका

मुंबई। सम्पत्ति प्रबंधन सेवा कंपनी एमके वेल्थ मैनेजमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय बढ़ रहीं सोने की कीमतें रूस-यूक्रेन युद्ध शांत होने पर गिर सकती हैं।

एमके वेल्थ मैनेजमेंट की 'नेविगेटर' शीर्षक इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन को छोड़कर, यूरोप के बाकी हिस्सों में ब्याज दरों में अभी बढ़ोतरी नहीं की गई है, और ऐसा महसूस किया जा रहा है कि इसमें देरी हो सकती है। रपट के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख से अमेरिकी डालर में अंकित प्रतिभूतियों पर निवेश प्रतिफल बढ़ने (प्रतिभूति के दाम गिरने) और डालर के मजबूत होने से अमेरिकी डॉलर में अंकित वस्तुओं की कीमतें धीरे-धीरे कम होने की संभावना है। रपट के मुताबिक यदि यूक्रेन-रूस वार्ता में कुछ सफलता मिलती है तो प्रवृत्ति तेज हो सकती है। यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद सोना बढ़कर 2070 अमेरिकी डॉलर पर तक पहुंच गया था और अब भाव कुछ कम हो कर 1923 अमेरिकी डॉलर तक आ गया है। पिछले छह माह में अंतराष्ट्रीय बाजार में सोना 1760 डॉलर से 1860 डॉलर के बीच था।

प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने से सोना इस दायरे से ऊपर चला गया। अमेरिका में मुद्रास्फीति 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। ब्रिटेन और यूरोप भी उच्च मुद्रास्फीति के दबाव में हैं। भारत में भी महंगायी का दबाव बढ़ने से सोने की मांग बढ़ गयी।

रपट के अनुसार, सक्षेप में मुद्रास्फीति और यूरोप में युद्ध सोने की कीमतों में तेजी के मुख्य कारक हैं।

भारत में जनवरी में तेजी के बाद फरवरी में गोल्ड ईटीएफ में दो अरब अमेरिकी डॉलर का शुद्ध निवेश प्राप्त हुआ।

उत्तर अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में भी ईटीएफ में निवेश में तेजी दिखी। एमके वेल्थ की रपट के अनुसार मार्च में भी यही ट्रेंड बने रहने की उम्मीद है। रपट के अनुसार इस वर्ष फरवरी के अंत तक गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज में सूचीबद्ध स्वर्ण कोष यूनिट) पर तीन वर्ष का संचयी वार्षिक सकल प्रतिफल (सीएजीआर) औसतन 14.07 से 14.32 प्रतिशत तथा सोने पर सीएजीआर 15.11 प्रतिशत रहा।

दिल्ली बजट रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहित करेगा: नाइट फ्रैंक

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र पर अनुसंधान एवं परामर्श सेवाएं देने वाली फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार के वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में बुनियादी ढांचा, आवास एवं शहरी विकास तथा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास संबंधी प्रावधानों से राजधानी में आवास एवं निर्वाण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। नाइट फ्रैंक के कार्यकारी निदेशक मुदस्सिर जैदी ने दिल्ली के बजट पर एक टिप्पणी में कहा है, आवास और शहरी विकास योजनाओं के लिए 5,766 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा से शहर के रियल एस्टेट बाजार में बड़े पैमाने पर परिवर्तन सुनिश्चित करने वाले आवास और निर्माण क्षेत्रों में वृद्धि होगी। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विधानसभा में 75,800 करोड़ रुपये का रोजगार बजट पेश किया जिसमें पांच साल में 20 लाख नौकरियों के नए पैदा करने का लक्ष्य है।

जैदी ने कहा है कि बजट में इसके अलावा 1,797 अनधिकृत कॉलोनियों में से 1,414 में निर्माण कार्यों के लिए 1300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव से दिल्ली में अचल संपत्ति बाजार को प्रोत्साहन मिलेगा। दिल्ली में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए 9539 करोड़ रुपये सड़क, पुल और संबंधित निर्माण के लिए आवंटित किए गए है।डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) द्वारा करावल नगर, घोंडा में एक फ्लाईओवर के निर्माण पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। नाइट फ्रैंक का कहना है कि दिल्ली में एक इलेक्ट्रॉनिक शहर स्थापित करने की घोषणा राष्ट्रीय राजधानी में आईटी कंपनियों को आकर्षित करेगी। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए 90 एकड़ के प्लग-एंड-प्ले विनिर्माण केंद्र की स्थापना और गैर-अनुरूप औद्योगिक क्षेत्रों का पुनर्विकास रियल एस्टेट में रोजगार के बड़े अवसर पैदा करेगा।

सोने में 351 रुपये की गिरावट, चांदी 561 रुपये टूटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातु की कीमतों में आई गिरावट के अनुरूप दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 351 रुपये टूटकर 51,452 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,803 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 561 रुपये की गिरावट के साथ 68,182 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 68,743 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,933 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 25.10 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''सोमवार को न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज कॉमेक्स में सोने का हाजिर भाव एक प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट के साथ 1,933 डॉलर प्रति औंस रहा। अमेरिकी बांड आय बढ़ने और डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतों पर दबाव रहा।''

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार चौथे दिन भी उछाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने सोमवार को लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल में क्रमश: 30 और 35 पैसे प्रति लीटर की बढोत्तरी की है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के बाद आज राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 99.41 रूपये और डीजल 90.77 रूपये प्रति लीटर हो गया है। जबकि रविवार को पेट्रोल 99.11 रूपये और डीजल 90.42 रूपये प्रति लीटर था।

तेल कंपनियों ने 137 दिनों की स्थिरता के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू कर दी है। जिससे अब तक बीते सात दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमत छह बार बढ़ चुकी है।

देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम

महानगर.....पेट्रोल.....डीजल (रूपए प्रति लीटर)

दिल्ली.....99.41.....90.77
कोलकाता .....108.85.....93.92
मुंबई .....114.19.....98.50
चेन्नई.....105.18.....95.33

मुंबई में 31 पैसे की बढ़ोत्तरी के साथ पेट्रोल का दाम 114.19 रुपए प्रति लीटर हो गया और डीजल के दाम 37 पैसे से बढ़कर 98.50 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं।

रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल इसके कारण 13 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.45 प्रतिशत गिरकर 117.70 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 110.78 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

शार्ट न्यूज

साथियान, शरत डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के दूसरे दौर में

दोहा। भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान और अनुभवी शरथ कमल दोनों ने जीत के साथ अपने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर अभियान की शुरुआत की। दोनों खिलाड़ियों ने यहां पहले दौर के अपने-अपने मैच जीत कर लुसैल स्पोर्ट्स एरिना में प्रतियोगिता के दूसरे दौर में प्रवेश किया। साथियान ने रविवार को राउंड ऑफ 64 में स्पेन के अल्वारो रोबल्स को 3-0 (12-10, 11-4, 11-4) से शिकस्त दी, जबकि शरत ने फ्रांस के इमैनुएल लेबेसन को 3-1 (11-5, 9-11, 11-6, 11-9) से हराया। विश्व के नंबर 37 खिलाड़ी साथियान का जहां अगले दौर में 17वें नंबर के खिलाड़ी स्वीडन के मटियास फाल्क से सामना होगा, वहीं 41वें स्थान पर काबिज शरत दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के डांग किउ से भिड़ेंगे। साथियान इसके अलावा मिश्रित युगल स्पर्धा में मनिका बत्रा के साथ भी चुनौती पेश करेंगे, जहां उनका सामना मारिया जिओ और रॉबल्स की स्पेनिश टीम से होगा। मनिका जो महिला एकल में अकेली भारतीय हैं, रविवार को अपने पहले दौर में पांच सेटों के कड़े संघर्ष में चीन की कियान तियानी को हरा कर दूसरे राउंड में पहुंची हैं।

कैच पकड़ने के मौके गंवाने से हारे मैच

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के नव नियुक्त कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने रविवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार के बाद कैचों के मौके गंवाने को हार का कारण बताया। डु प्लेसिस ने कहा, मुझे लगता है कि बल्लेबाजी सच में अच्छी थी। हमने मैच के अंतिम पलों में कैच छोड़े और ओडियन स्मिथ ने आठ गेंदों पर 25 रन बना कर मैच का रुख पलट दिया। हमने 10 रन पर उनका कैच छोड़ दिया। हम उनके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों को अंदर आते हुए देख रहे थे। कैच पकड़ने वाला मैच जीतता है। मैदान पर थोड़ी ओस थी, इसलिए गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी मुश्किल थी, लेकिन मेरे हिसाब से गेंदबाज गीली गेंद के साथ काफी अच्छे थे। छोटे-छोटे मार्जिन जीत-हार का कारण होते है। बहरहाल पंजाब ने सच में अच्छी तरह से लक्ष्य का पीछा किया। उन्होंने पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी की। आरसीबी के कप्तान ने कहा, दूसरी पारी में गेंद थोड़ी और रुक कर आई। बावजूद इसके हमने बखूबी एडजस्ट किया। हमने बीच में काफी अच्छी चीजें कीं, लेकिन आप जानते हैं कि ओडियन स्मिथ बल्ले के साथ क्या कर सकते हैं, इसलिए आपको उनके जैसे बल्लेबाजों के कैचों को पकड़ना होगा। अगर हम उन मौकों को भुनाते तो खेल पूरी तरह से अलग होता। मैं थक गया था। मुझे खुशी है कि मैंने खुद को चोट पहुंचाए बिना लंबी पारी खेली। मैंने अपनी कोहनी की चोट से उबरने में काफी समय लगाया है, इसलिए आज बल्ले से शुरुआत करना मुश्किल रहा। पहले चार ओवर में गेंद स्विंग हो रही थी, इसलिए मैंने 10 गेंदों पर मात्र एक रन बनाया था। बल्ले को पकड़ना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन शॉट लगाना अच्छा लगता है।

जॉर्डन में दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

कोलकाता। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम जॉर्डन में पांच से आठ अप्रैल के बीच मिस्र और जॉर्डन के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। फिलहाल 30 सदस्यीय भारतीय टीम मुख्य कोच थॉमस डेननरबी की कोचिंग में गोवा में प्रशिक्षण शिविर में है। टीम दो अप्रैल को जॉर्डन के लिए रवाना होगी। डेननरबी अस्तम उरांव, अपर्णा नारजारी और मार्टिना थोकचोम के साथ पिछले हफ्ते जमशेदपुर में सैफ अंडर-18 महिला चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने के बाद सीनियर टीम के शिविर में शामिल हुए हैं।

इंग्लैंड के लिए टेस्ट कप्तानी जारी रखना चाहते हैं जो रूट

लंदन। पिछले कुछ समय से इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट में विफलता और वेस्ट इंडीज से हालिया 1-0 से श्रृंखला हार के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट ने प्रतिक्रिया दी है। रूट ने कहा है कि वेस्ट इंडीज में मिली सीरीज हार के बावजूद इंग्लैंड के टेस्ट खिलाड़ियों ने उनके नेतृत्व का समर्थन किया है, इसीलिए वह टेस्ट कप्तान बने रहना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि इस सीरीज हार से इंग्लैंड के लिए कैरिबियाई धरती पर अब लगातार पांच श्रृंखलाएं बिना जीते के समाप्त हुई हैं और कैरिबियाई में इतिहास में इंग्लैंड का यह सबसे खराब रिकॉर्ड है। सीरीज के पहले दो मैच ड्रा रहने के बाद इंग्लैंड यहां ग्रेनेडा में तीसरे और निर्णायक मैच में बिखर गया। दोनों पारियों में खराब बल्लेबाजी के चलते उन्हें चौथे दिन सुबह के खेल में ही वेस्ट इंडीज से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पिछले 17 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड ने केवल एक मैच ही जीता है।रूट ने मैच के बाद बीटी स्पोर्ट चैनल से बात करते हुए कहा, मैंने इस मैच से पहले और इस दौरे के दौरान कई बार स्पष्ट किया है कि मेरा लक्ष्य टीम को आगे बढ़ाना है। नतीजे आपके हाथ में नहीं होते, लेकिन मुझे विश्वास है, यह ग्रुप मेरे साथ है। हमने काफी चीजों को अच्छे से किया, लेकिन सिर्फ उन्हें सही नतीजों में परिवर्तित नहीं कर पाए।

हीरो वायर्ड और लालीगा ने भारत में पेश की अपनी तरह की पहली 'ईलालीगा ट्रॉफी'

नयी दिल्ली। हीरो ग्रुप की ओर से भारत की प्रीमियम ऐडटेक कंपनी हीरो वायर्ड ने आज भारत में अपनी तरह के पहले ईलालीगा चैलेंज 'ईलालीगा ट्रॉफी पावर्ड बाय हीरो वायर्ड' के लॉन्च की घोषणा की। दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान स्पेन के दिग्गज लुईस गार्सिया ने इसका उद्घाटन किया और इसी के साथ चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण शुरू हो गए। टूर्नामेंट का आयोजन नौ से 26 अप्रैल 2022 तक किया जाएगा, जबकि आठ मई को फिनाले होगा। हीरो वायर्ड एवं लालीगा के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए हीरो वायर्ड पहली बार इस टूर्नामेंट को भारत लेकर आया है। लालीगा का मुख्यालय मैड्रिड में है, यह स्पेन की टॉप डिविजन फुटबॉल लीग है तथा दुनिया की सबसे लोकप्रिय पेशेवर स्पोर्ट्स लीग्स में से एक है। अपने आधिकारिक नॉलेज पार्टनर के रूप में हीरो वायर्ड, लालीगा को इसके दर्शकों के साथ जोड़गा और देश भर में प्रभावी साझेदारी के माध्यम से इसी व्यापक पहुंच को सुनिश्चित करेगा। हीरो वायर्ड के संस्थापक एवं सीईओ अक्षय मुंजाल ने लॉन्च के बारे में कहा, ईस्पोर्ट्स तेी से लोकप्रिय हो रहा है एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वित्तीय वर्ष 25 तक 1.5 मिलियन (15 लाख) से अधिक एक्टिव ईस्पोर्ट्स प्लेयर होंगे। हमें खुशी है कि इस चैलेंज को भारत लाकर हमें तेजी से विकसित होते ईको सिस्टम में योगदान देने का मौका मिला है। उच्च शिक्षा में के-12 के माध्यम से ईस्पोर्ट्स एक ऐसा समावेशी माहौल उपलब्ध कराता है जहां छात्र अपनी प्रतिभा का विस्तार कर सकते हैं। लीग के साथ हमारी यह एक्सक्लुज़िव साझेदारी और ईलालीगा ट्रॉफी भारतीयों और हीरो वायर्ड लर्नर्स को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेगी तथा नई संभावनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

मनिका, अर्चना डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के युगल क्वार्टरफाइनल में

दोहा, । भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और अर्चना कामथ हंगरी की डोरा मदरस और जियोगिना पोटा को हराकर डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं हैं। भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां हंगरी की जोड़ी को चार सेटों के कड़े संघर्ष में 3-1 (10-12, 11-7, 11-7, 11-5) से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। मनिका और अर्चनी की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी अब क्वार्टरफाइनल में सू वाई याम मिन्नी और ली हो चिंग की चीनी टीम के सामने होगी।इस बीच पुरुष एकल में जी साथियान ने पहले दो सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्वेड मटियास फाल्क को 8-11, 3-11, 11-6, 11-7, 11-6 से हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया।

नीरज, सुमित और भगत को मिला पद्मश्री

नयी दिल्ली। ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा, पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल और प्रमोद भगत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि नीरज ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक 2020 में 87.58 मीटर के थ्रो के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और वह ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड एथलीट में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वहीं सुमित ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में एफ64 पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 68.55 मीटर दूर भाला फेंककर अपनी श्रेणी में कई बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। इसके अलावा विश्व के नंबर एक पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने पुरुष एकल एसएल3 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता था। उल्लेखनीय है कि पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं। ये कला, सामाजिक कार्य, जन मुद्दों, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को दिए जाते हैं। इस वर्ष दो हिस्सों वाले समारोह में कुल 128 पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म विभूषण', उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म भूष' और किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म श्री' पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

नए रूप में दिख रहे हैदराबाद, राजस्थान के सामने इस बार कुछ करके दिखाने की चुनौती

पुणे। आईपीएल 2022 सीजन में दो नई टीमें जुड़ने के लिहाज से इस बार का सीजन चुनौतीपूर्ण होगा, इसमें कोई शक नहीं है। ऐसे में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के लिए इस बार कुछ करके दिखाने की चुनौती होगी। दोनों ही टीमों के पिछले कुछ सीजन अच्छे नहीं रहे हैं। दोनों टीमें मंगलवार को यहां महाराष्ट्रीय क्रिकेट संघ स्टेडियम में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबले से अपने 2022 सीजन के अभियान की शुरुआत करेंगी। 2022 सीजन के लिए हुई मेगा नीलामी के चलते दोनों ही टीमों में इस बार काफी नए चेहरे हैं। राजस्थान टीम ने इस बार गेंदबाजों और बल्लेबाजों सभी पर बड़ा दांव लगाया है। गेंदबाजों में इस बार राजस्थान के पास अनुभवी भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, न्यूजीलैंड के घातक गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, जिमी नीशम और ऑस्ट्रेलिया के नाथन कुर्ल्टर नाइल की सेवाएं हैं। वहीं बल्लेबाजी में कप्तान संजू सैमसन और जॉस बटलर के अलावा शिमरन हेत्मायर, रासी वैन डर डुसेन, डैरिल मिचेल और नीशम जैसे विस्फोटक बल्लेबाज भी उपलब्ध हैं। दूसरी ओर हैदराबाद में कप्तान केन विलियम्सन के कंधों पर एक बार फिर से टीम को खिताब जिताने की जिम्मेदारी है। भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक और टी नटराजन के साथ-साथ इस बार गेंदबाजी आक्रामण में युवा तेज गेंदबाज मार्को यान्सन और फजलहक फारुकी भी मौजूद हैं। वहीं बल्लेबाजी में अब्दुल समद, निकोलस पूरन, एडन माक्रम, ग्लेन फिलिप्स और रोमारियो शेफर्ड जैसे विस्फोटक बल्लेबाज उपलब्ध हैं।

राहुल और डी कॉक बनाएंगे धमाकेदार सलामी जोड़ी : गावस्कर

एजेंसी

मुंबई। आईपीएल की दो नई फ्रेंचाइजियां गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) आज यहां मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला आईपीएल मैच खेलेंगी।

ऐसे में सभी की निगाहें लखनऊ की सलामी जोड़ी लोकेश राहुल और क्विंटन डी कॉक पर होंगी, जो क्रमशः पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस से फ्रेंचाइजी में शामिल हुए हैं।

भारत के क्रिकेट लीजेंड सुनील गावस्कर ने इस बारे में सोमवार को आईपीएल के आधिकारिक प्रसारक स्टारस्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'गेमप्लान' के दौरान कहा कि क्विंटन डी कॉक के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उनके पास कप्तानी का अनुभव भी है। उन्होंने कहा, वह दक्षिण अफ्रीका के कप्तान रहे हैं और खेल के सभी प्रारूपों को जानते हैं। वह जानते हैं कि टीम निर्माण क्या है, क्योंकि हम अभी एक अलग टीम के बारे में बात कर रहे हैं। वह टीम निर्माण प्रक्रिया में योगदान देने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। राहुल और डी कॉक का दाएं और बाएं हाथ का संयोजन एक धमाकेदार सलामी जोड़ी बनाता है। वे टीम को अच्छी शुरुआत दिला सकते हैं।

सुनील ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल के बारे में कहा, जब वह पंजाब किंग्स के कप्तान थे, तो वे व्यस्त लग रहे थे।

शायद उन्हें वह प्लेइंग इलेवन (एकादश) नहीं मिल रही थी जो वह चाहते थे। नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स उनके लिए एक अलग चुनौती होने जा रही है और अगर वह पिछले सीजन की तरह बल्लेबाजी कर सकते हैं और टीम को नॉकआउट चरण में ले जा सकते हैं, तो यह उनके क्रिकेट करियर के संबंध में एक बड़ा कदम होगा।

जून में पाकिस्तान में तीन वनडे मैच खेलेगा वेस्ट इंडीज

लाहौर। पाकिस्तान जून में तीन वनडे मैचों के लिए वेस्ट इंडीज की मेजबानी करेगा। रावलपिंडी स्टेडियम में यह मैच 8, 10 और 12 जून को खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इसकी पुष्टि की। वनडे सीरीज आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा होगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक वेस्ट इंडीज 2023 में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भी सहमत हो गया है, हालांकि श्रृंखला के शेड्यूल की घोषणा बाद में की जाएगी। फिलहाल वनडे सीरीज के लिए वेस्ट इंडीज का पांच जून को इस्लामाबाद पहुंचना निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि वनडे सीरीज मूल रूप से पिछले साल दिसंबर में खेली जानी थी, लेकिन वेस्ट इंडीज की टीम यहां पहुंचने पर कोरोना वायरस की चपेट में आ गई थी।

यप्पटीवी को मिले टाटा आईपीएल 2022 के प्रसारण अधिकार

हैदराबाद। दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन कंटेंट प्रसारणकर्ताओं में से एक यप्पटीवी ने लगातार पांचवें वर्ष आईपीएल 2022 सीजन के लिए प्रसारण अधिकार प्राप्त किए हैं। इसके तहत अब वह 99 देशों में आईपीएल मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग करेगा।

यप्पटीवी के दर्शक घर पर ही आराम और सुरक्षा के साथ 26 मार्च से 29 मई 2022 तक सभी मैचों का आनंद उठा सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीमों तथा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं। इस सीजन दो नई फ्रेंचाइजियों गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स का पदार्पण होने जा रहा है।

यप्पटीवी के संस्थापक एवं सीईओ उदय रेड्डी ने इस बारे में कहा, क्रिकेट हमेशा ही लोगों का पसंदीदा खेल रहा है और आईपीएल ने इसके फॉर्मेट एवं इससे जुड़े रोमांच की पुनर्कल्पना की है। क्रिकेट को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य के अनुरूप हमें दुनिया भर के 99 देशों में क्रिकेट को पहुंचाने का जरिया बनकर बेहद खुशी महसूस हो रही है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी मजबूत बैकेंड टेक्नोलॉजी से हमें एक ऐसे खेल की बाधारहित स्ट्रीमिंग में मदद मिलेगी, जिसने भारत को अंतरराष्ट्रीय लीगों के नजरिये के विश्व के मानचित्र पर ला दिया है।

डिज्नी स्टार के एक्विजिशन एवं सिंडिकेशन-स्पोर्ट्स के प्रमुख हैरी ग्रिफिथ ने कहा, यप्पटीवी के साथ लंबे समय से चली आ रही हमारी साझेदारी को जारी रखते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। यह आगे भी दुनिया भर में बसे भारतीयों को विश्वस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराता रहेगा। टाटा आईपीएल 2022 अपनी शुरूआत से लेकर अब तक का सबसे बड़ा और सबसे रोमांचक संस्करण होने वाला है।

यप्पटीवी पर मैचों का प्रसारण आस्ट्रेलिया, कॉन्टिनेंटल यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया (सिंगापुर छोड़कर), मलेशिया, मध्य एवं दक्षिण अमेरिका, मध्य एशिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, जापान, नेपाल, भूटान और मालदीव में किया जाएगा।

अमेरिका समेत कई देशों की मीटिंग के बीच इजरायल में इस्लामिक स्टेट का हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

तेल अवीव। इजरायल के हदेरा में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमला किया है, जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। लंबे वक्त के बाद इजरायल पर इस तरह का आतंकी हमला हुआ है, जिसमें उसके सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब अरब देशों के विदेश मंत्री इजरायल के दौरे पर हैं। दरअसल इस्लामिक स्टेट के दो बंदूकधारियों ने हदेरा की हर्बर्ट सैमुएल स्ट्रीट पर गोलीबारी कर दी थी, जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। रविवार को हुए इस अटैक को लेकर कहा जा रहा था कि अरब मूल के अज्ञात बंदूकधारियों ने यह हमला किया है, लेकिन अब इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है।

इजरायल के पीएम नफ्ताली बेनेट ने इस अटैक की निंदा की है और पुलिसकर्मियों की मौत पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि इस हमले से मेरा दिल टूट गया है और मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संदेवना है। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ, जब अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी इजरायल में ही थे। उन्होंने हमले के बाद बेनेट से मुलाकात की और इसकी निंदा की।

इस दौरान 4 अरब देशों के विदेश मंत्री भी इजरायल में थे। इनमें मोरक्को, मिस्र, यूएई और बहरीन के विदेश मंत्री शामिल थे। ब्लिंकन ने ट्वीट कर कहा, इजरायल के हदेरा में हुए आतंकवादी हमले की हम निंदा करते हैं।

समाज में इस तरह की हिंसा की कोई भी जगह नहीं है। इजरायल की सुरक्षा को अभेद माना जाता रहा है और आमतौर पर इस तरह के आतंकी हमले वहां नहीं होते हैं। इससे पहले 2017 में इजरायल में एक आतंकी हमला हुआ था, जिसमें किसी की मौत नहीं हुई थी। रविवार को हुए हमले में मारे गए पुलिसकर्मियों की पहचान येजेन फलाह और शिरेल अबुकार्त के तौर पर हुई है।

दोनों की ही उम्र महज 21 साल बताई गई है। हमलावर आतंकी भी इजरायल के ही रहने वाले थे।

तालिबान का नया फरमान, फ्लाइट में बिना पुरुष के सफर नहीं करेंगी महिलाएं

नई दिल्ली। ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान में तालिबानी शासन धीरे-धीरे अपनी पुरानी रंगत में आ रहा है। तालिबान वहां रोज नए नए फरमान जारी कर रहा है खासकर वहां की महिलाओं के लिए लगातार सख्त नियम बन रहे हैं। इसी कड़ी में तालिबान के एक आधिकारिक आदेश में यह ऐलान किया गया है कि अफगानिस्तान में महिलाएं बिना पुरुष रिश्तेदारों के फ्लाइट में सफर नहीं कर सकेंगी। इसका सीधा मतलब हुआ कि तालिबान ने पुरुषों के बिना महिलाओं के फ्लाइट में सफर करने पर रोक लगा दी है। दरअसल, पिछले साल अफगानिस्तान में तालिबान शासन की वापसी के बाद से ही वहां महिलाओं और बच्चियों के अधिकारों को लगातार खत्म किया जा रहा है। इसी कड़ी में न्यूज एजेंसी एएफपी ने विमानन अधिकारियों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि तालिबान ने अफगानिस्तान में एयरलाइंस को महिलाओं को उड़ान भरने से रोकने का आदेश दिया है जब तक कि उनके साथ कोई पुरुष रिश्तेदार न हो।

पाक पीएम इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश, आउट होने का है खतरा; 31 मार्च को फैसला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संसद में प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश हो गया है। इसके साथ ही संसद की कार्यवाही 31 मार्च तक के लिए स्थगित हो गई। स्पीकर ने कहा कि 31 मार्च को शाम 4 बजे इस अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होगा, जो इमरान खान सरकार की तकदीर तय करेगा। इमरान खान सरकार के खिलाफ पेश प्रस्ताव को 161 सांसदों ने समर्थन किया है। इमरान सरकार के खिलाफ यह अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ ने पेश किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता का इमरान खान नियाजी की सरकार पर भरोसा नहीं रहा गया है, ऐसे में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया जाना चाहिए।

पाक संसद के स्पीकर ने सदस्यों की गिनती के बाद कहा कि 161 सांसदों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। इसके बाद शाहबाज शरीफ ने इमरान खान के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को पढ़ा। पाकिस्तान की संसद में शुक्रवार को ही इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाना था, लेकिन स्पीकर असद कैसर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी।

कहा जा रहा है कि इमरान खान सरकार की रणनीति के तहत सदन की कार्यवाही स्थगित की गई थी ताकि वह कुछ सांसदों को अपने पक्ष में ला सकें।

रविवार को इमरान खान ने इस्लामाबाद में एक बड़ा जलसा भी किया था, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए थे। इस जलसे में इमरान खान ने कहा था कि विदेशी ताकतों की मदद से उनकी सरकार को गिराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा इमरान खान ने नवाज शरीफ, फजलुर्रहमान और बिलावल भुट्टो जरदारी पर हमला बोलते हुए कहा था कि मेरी सरकार के खिलाफ सारे डाकू एकजुट हो गए हैं। यही नहीं अपने संबोधन में इमरान खान ने कहा था कि 1990 के बाद की हमारी सरकारें नालायक रही हैं और इसी के चलते हम पिछड़ते चले गए, जबकि हमारा पड़ोसी मुल्क भारत आगे निकल गया।

इंडोनेशिया में कोरोना संक्रमितों की संख्या 60 लाख के पार हुई

जकार्ता। इंडोनेशिया में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 60 लाख के पार पहुंच गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में द्वीपसमूह में कोरोना वायरस के 2,798 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 60,01,751 हो गई। इस महामारी से 104 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,54,774 तक पहुंच गया। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 57 लाख से से अधिक लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं। देश में कोरोना का पहला मामला मार्च 2020 को सामने आया था।

मेक्सिको में गोलीबारी में 19 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। सेंट्रल मेक्सिको में गोलीबारी की एक घटना में 19 लोग मारे गये हैं। देश के एटार्नी जनरल के कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि रविवार को स्थानीय समय करीब 10.30 बजे अपराह्न मिचोएकन राज्य के लास टिनाजस शहर में एक उत्सव के लिए एकत्र हुए लोगों पर हमला किया गया। इसकी सूचना अभियोजन कार्यालय को दी गयी। घटना की सूचना मिलते ही क्राइम सीन एंड एक्सपर्ट सर्विसेज यूनिट के कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। वहां उन्हें 19 लोगों के शव मिले जिनमें 16 पुरुष थे और तीन महिलायें थीं। सभी शवों पर गोली मारे जाने के निशान थे। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान के अनुसार गोलीबारी के कारण की जांच की जा रही है।

कोरोना के मद्देनजर चीन के शंघाई में लॉकडाउन लागू

बीजिंग। चीन के शंघाई में कोरोना वायरस (कोविड-19) के मद्देनजर सोमवार को दूसरे चरणों में लॉकडाउन लागू कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों शंघाई में स्थानीय स्तर पर संक्रमण के 50 तथा विदेशों से आए हुए लोगों से संबंधित 10 मामले दर्ज किए गए। चीन में कोविड-19 को लेकर पहले चरण का लॉकडाउन स्थानीय समय के अनुसार आज सुबह पांच बजे से एक अप्रैल तक पोंगडोंग, फेंगशियांग, जिंशान तथा चोंगमिंग जिलों सहित हुआंग्पू नदी के पूर्व और पश्चिम के क्षेत्र प्रभावी रहेगा। वहीं दूसरे चरण में एक अप्रैल को तड़के तीन बजे से पांच अप्रैल को तड़के तीन बजे तक शुहुई, हुआंग्पू तथा जियाडिंग जिलों सहित हुआंग्पू नदी के पश्चिमी क्षेत्र में प्रभावी रहेगा। इस दौरान निजा और सार्वजनिक यातायात बंद रहेंगे। साथ ही लॉकडाउन के दौरान हुआंग्पू नदी पर बना पुल बंद रहेगा। उल्लेखनीय है कि शंघाई में कोरोना संक्रमण के मामलों में हाल के सप्ताहों में काफी वृद्धि देखने को मिली है। इसके कारण अधिकारियों को चीन में आने वाली कुछ अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों को लेकर 21 मार्च से एक मई तक के लिए निर्देश जारी करना पड़ा है।

यूक्रेन तटस्थता के लिए तैयारः जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह शांति समझौते के हिस्से के रूप में तटस्थ देश की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने रविवार को रूसी पत्रकारों को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस के साथ समझौते में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु सुरक्षा की गारंटी, तटस्थता और गैर-परमाणु स्थिति है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक श्री जेलेंस्की और रूस के चार जाने-माने पत्रकारों के बीच इस जूम इंटरव्यू की समयावधि 90 मिनट की थी। इन पत्रकारों में लातिव के एक रूसी न्यूज वेबसाइट मेदुजा के संपादक इवान कोल्पाकोव, मॉस्को के दैनिक समाचारपत्र कोमर्सेंट के पत्रकार व्लादिमीर सोलोवयोव, युद्ध शुरू होने के बाद बर्लिन जाकर बसे स्वतंत्र रूसी पत्रकार मिखाइल जायगारो और अस्थायी रूप से बंद स्वतंत्र टेलीविजन चैनल टीवी रेन के संपादक तिखोन द्ज़ादको शामिल थे। जेलेंस्की ने कहा, हम डेनाजिफिकेशन और असैन्यीकरण पर बिल्कुल भी चर्चा नहीं करेंगे। अगर मुद्दा हर बार यही रहा, तो हम समझौते पर बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। मेरे लिए ये सारी चीजें समझ से बाहर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

ऑस्कर 2022 में बजा 'कोडा', 'ड्यून' का डंका

लॉस एंजेलिस। दुनिया भर में फिल्म जगत के जाने माने ऑस्कर अवार्ड 2022 में कोडा फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवार्ड हासिल किया और ड्यून ने सभी को चकित करते हुए इस साल छह अवार्ड अपने नाम किये।

सियान हेडर द्वारा निर्देशित फिल्म कोडा एक ऐसे परिवार की कहानी है, जिसमें लोग सुन नहीं सकते हैं और आपस में संपर्क करने के लिए सांकेतिक भाषा का प्रयोग करे हैं। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ पिक्चर का अवार्ड जीता है।

ऑस्कर समारोह में इस बीच कुछ ऐसा हो गया, जिसे देख लोग बेहद हैरान हैं और इसके खूब चर्चे भी हो रहे हैं। हुआ कुछ यूं कि जब शो के प्रेजेंटर क्रिस रॉक ने अभिनेता विल स्मिथ और सर्वश्रेष्ठ एक्टर का पुरस्कार जीतने वाले विल स्मिथ की पत्नी का मजाक उड़ाया। पत्नी को लेकर मजाक बनाना स्मिथ को रास नहीं आया और उन्होंने क्रिस पर एक मुक्का जड़ दिया। हालांकि बाद में स्मिथ ने इसके लिए अकादमी से माफी मांग ली।

इस साल दो महिला निर्देशकों ने भी अवार्ड हासिल किये , उनमें हैं कोडा की निर्देशक सियान हेडर और द पावर ऑफ द डॉग की जेन कैम्पियन। वेस्ट साइड स्टोरी फिल्म में लिए बेस्ट स्पोर्टिंग एक्ट्रेस का खिताब जीतने वाले एरियाना डी बोस पहली अश्वेत महिला रही।

इस साल के अकादमी अवॉर्ड में विजेताओं की सूची इस प्रकार है:-

सर्वश्रेष्ठ फिल्म: कोडा
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: फिल्म आईज ऑफ टैमी फे के लिए जेसिका चेस्टन
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: फिल्म किंग रिचर्ड के लिए विल स्मिथ
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक : फिल्म द पावर ऑफ द डॉग के लिए जेन कैंपियन
सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव : ड्यून
सर्वश्रेष्ठ छायांकन : ड्यून
सर्वश्रेष्ठ फिल्म संपादन : ड्यून
सर्वश्रेष्ठ मूल संगीत स्कोर : ड्यून
सर्वश्रेष्ठ ध्वनि : ड्यून
सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन : ड्यून
सर्वश्रेष्ठ मूल गीत : नो टाइम टू डाय
सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर : समर ऑफ सोल
सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा : बेलफास्ट
सर्वश्रेष्ठ रुपांतरित पटकथा : कोडा
सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन : क्रूएला
सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म : ड्राइव माय कार
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता : कोडा के लिए ट्रॉय कोटसर
सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर फिल्म :एंकान्टो
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री : वेस्ट साइड स्टोरी के लिए एरियाना डेबोस
सर्वश्रेष्ठ मेकअप और हेयरस्टाइलिंग : द आईज ऑफ टॉमी फे
सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र (लघु विषय) : द क्वीन ऑफ बास्केटबॉल
सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (एनिमेटेड): द विंडशील्ड वाइपर
सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (एनिमेटेड): द लॉन्ग गुडबाय

सलमान खान के जबरदस्त फैन हैं अहान शेट्टी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के पुत्र अहान शेट्टी का कहना है कि वह सलमान खान के जबरदस्त फैन हैं।

अहान शेट्टी ने फिल्म तड़प से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है।इसके बाद अहान जल्द ही साजिद नाडियाडवाला के साथ उनके अगले प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगे। फिल्म

अहान शेट्टी ने बताया,मैं सलमान का जबरदस्त फैन हूं और उनके प्रति मेरी दीवानगी बचपन से है।आपको हैरानी होगी, मैं बचपन मे अपने पापा सुनील शेट्टी की नहीं बल्कि सलमान खान की फिल्में देखता था। मैं पहली बार उनसे एयरपोर्ट पर मिला था। उस वक्त मैं काफी छोटा था और मेरा वो फैन मोमेंट मुझे आज तक याद है। सलमान खान की ऐसी कोई फिल्म नहीं, जो मैने न देखी हो।

अहान शेट्टी ने कहा,सलमान खान दूसरों से बहुत अलग हैं। वह सुपरस्टार है लेकिन स्टारडम उन पर कतई हावी नहीं है। वह बहुत सारे लोगों की मदद चुपचाप बिना दिखावे के करते हैं और मुझे सलमान खान का स्वैग बहुत पसंद है। मेरी बस यही ख्वाहिश है कि इंडस्ट्री में कभी मेरा फैंस के बीच सलमान खान जैसा स्वैग हो।

'शेर सिंह राणा' की बायोपिक में नजर आयेंगे विद्युत जामवाल



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल 'शेर सिंह राणा' की बायोपिक में काम करते नजर आयेंगे। विद्युत जामवाल अपनी पहली बायोपिक में शेर सिंह राणा की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विनोद भानुशाली द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन श्री नारायण सिंह करेंगे।शेर सिंह राणा एक धारदार थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक अनरियल व्यक्ति की वास्तविक कहानी को दर्शाया जाएगा, जो एक कट्टर राजपूत थे, उन्होंने भारत के 800 साल पुराने गौरव पृथ्वीराज चौहान के अवशेषों को भारत वापस लाने के लिए सबसे खतरनाक यात्रा शुरू की थी।इससे पहले जब शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल में थे, तब वह हिंसा से नहीं बल्कि दिमागी चाल से जेल की उच्च सुरक्षा से भाग निकले थे, ऐसा कर उन्होंने पूरे भारत में हलचल मचा दी थी। शेर सिंह राणा की टीम का हिस्सा बन उत्साहित विद्युत जामवाल ने कहा, शेर सिंह राणा मेरी पहली बायोपिक है। मुझे लगता है कि नियति ने सारे पहलुओं को जोड़ा निडर शेर सिंह राणा की भूमिका मुझ तक पहुंचाई है। मैं विनोद भानुशाली और श्री नारायण सिंह के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नारायण सिंह ने कहा, 'जब आप शेर सिंह राणा की कहानियाँ सुनेंगे तो आप जानेंगे कि उनका जीवन और उनके अनुभव बहुत ही रोमांचक और साजिशों से भरे हुए थे। जबकि विद्युत जामवाल ने एक्शन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है, इस फिल्म में वे एक ऐसा किरदार निभाते हुए नज़र आयेंगे जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं किया होगा। यह एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है जिसका एकमात्र ध्येय अपने राष्ट्र के लिए कुछ करना था। निर्माता विनोद भानुशाली ने कहा, शेर सिंह राणा एक ऐसी कहानी पर प्रकाश डालेगा जिसने सालों पहले भारत में हलचल मचा दिया था। इस फिल्म के जरिए दर्शक विद्युत को पहले कभी न देखे गए किरदार में देखेंगे और श्री स्क्रीन पर जो विजन लाएंगे वह निश्चित रूप से मनोरंजक होने वाला है। शेर सिंह राणा पर बनने वाली इस बायोपिक का निर्माण भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, विशाल गुरनानी और मटरगस्ती फिल्म्स के विशाल त्यागी और मोहम्मद इमरान खान द्वारा किया जायेगा।

'द कश्मीर फाइल्स' की सक्सेस पर बोले अनुपम खेर

मुंबई। अनुपम खेर स्टारर द कश्मीर फाइल्स 200 करोड़ क्लब में पहुंचेगी, यह फिल्म के मेकर्स और कास्ट ने भी नहीं सोचा था। फिल्म को लोगों ने दिल से प्यार दिया और लोगों के लिए मूवी इमोशन बन चुकी है। फिल्म में अनुपम खेर के रोल की काफी तारीफ भी हो रही है। उनका कहना है कि इतनी कामयाबी उनकी किसी फिल्म को नहीं मिली। इस बात पर वह बहुत एक्साइटेड हैं। हालांकि अनुपम खेर ने यह भी कहा कि वह ठीक से खुश नहीं हो पा रहे। वजह यह है कि फिल्म दर्द और आंसुओं की कहानी है।

किसी फिल्म को नही मिली इतनी कामयाबी

द कश्मीर फाइल्स की टीम फिल्म की सक्सेस पर खुश है। किसी ने सोचा नहीं था कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इस कदर पैसों की बारिश करेगी। मूवी की कमाई 250 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है।

अनुपम खेर ने टाइम्स नाऊ से बातचीत के दौरान फिल्म की सक्सेस पर बात की। फिल्म की सक्सेस पर अनुपम खेर बोले, इतनी कामयाबी तो मेरी किसी फिल्म को नहीं मिली, खासतौर पर जब मैंने लीड रोल किया हो। इसलिए फिल्म को लेकर मिक्स्ड फीलिंग्स हैं।

दर्द, आंसू और दुख की कहानी

अनुपम खेर आगे बोलते हैं, मुझे कूदना चाहिए, सेलिब्रेट करना चाहिए, मुझे बहुत खुश होना चाहिए... मैं बहुत खुश हूं और ऊपर वाले का शुक्रगुजार हूं।

इसके साथ ही एक दुख भी है क्योंकि फिल्म सेलिब्रेशन के बारे में नहीं है। फिल्म दर्द, आंसू और दुख की है। इस समय मैं शूटिंग कर रहा हूं।

आम जिंदगी में मैंने सोचा था कि अगर कभी मेरी फिल्म 200 करोड़ करेगी तो मैं क्या करूंगा।

मैं पागल हो जाऊंगा, मैं सड़कों पर भागूंगा। हमारे यहां हायरैरिकी है ना कि हीरो की फिल्म 100-200 करोड़ करती है। वैसे मैंने खुद को हीरो ही समझा है जिसे सेंट्रल कैरेक्टर कह सकते हैं। लेकिन सोचा नहीं था कि हमारी कैटिगरी 100-200 करोड़ करेगी।

'केजीएफ चैप्टर 2' के लिए संजय दत्त को मिली 10 करोड़ की फीस

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त को आने वाली फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 के लिए 10 करोड़ रूपये की फीस मिली है।

केजीएफ चैप्टर 2 में यश, संजय दत्त, रवीना टंडन, प्रकाश राज की मुख्य भूमिका है। केजीएफ का पहला पार्ट सुपरहिट रहा था। प्रशांत नील लिखित और निर्देशित और होमबेल फिल्म्स के बैनर तले विजय किरागंदूर द्वारा निर्मित पीरियड एक्शन फिल्म केजीएफ चैप्टर 2, 14 अप्रैल को रिलीज होगी।

बताया जा रहा है कि केजीएफ चैप्टर 2 के लिए यश को 25 करोड़ रुपये फीस मिली है, जबकि संजय दत्त को फिल्म के लिए 10 करोड़ और रवीना टंडन को दो करोड़ रुपये मिले हैं।

फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील को लगभग 18 करोड़ रुपये मिले हैं। केजीएफ चैप्टर 2 को उत्तर भारत के बाजारों में रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट और एए फिल्म्स पेश करेंगे। केजीएफ का सीक्वल चैप्टर 2 कन्नड़, तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम में रिलीज होगा।

सुपरस्टार्स से कोई मुकाबला नहीं : टाइगर श्राफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ का कहना है कि वह सुपरस्टार्स से कोई मुकाबला नहीं करना चाहते हैं।

टाइगर श्रॉफ अपनी आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हीरोपंती 2 के अजय देवगन की रनवे 34 और सलमान खान की ईद पर अपनी फिल्म को रिलीज करने को लेकर रिएक्ट किया।

टाइगर श्रॉफ से पूछा गया कि उनका अजय देवगन की रनवे 34 जैसी बड़ी फिल्म से मुकाबला है तो वहीं ईद पर हमेशा सलमान खान की ही फिल्म रिलीज होती है। इस बार पहली बार टाइगर श्रॉफ ईद पर बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाले हैं।

टाइगर श्रॉफ ने सवाल के जवाब में कहा, मैं खुद की सुपरस्टार्स से तुलना नहीं करता हूं। मेरा अलग तरीका है उनकी रिस्पेक्ट करने का। मैं तो अजय देवगन और सलमान खान दोनों का ही फैन हूं। रनवे 34 शानदार फिल्म लग रही है। मैं खुद इसे जरूर देखूंगा।

आंतों में जमा गंदगी हो सकती है खतरनाक, इसे साफ करने के लिए डाइट में जरूर शामिल करें ये फूड्स

प्रिया मिश्रा

पेट के साथ साथ आंतों का साफ होना भी बहुत जरूरी है। अगर आंतों में टॉक्सिंस जमा होंगे तो इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। कोलन के साफ रहने से आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होगा और आप स्वस्थ रहेंगे।

खानपान की गलत आदतों के कारण अक्सर पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कई बार जब पेट सही तरीके से साफ नहीं हो पाता है तो कोलन में गांधी जमा हो जाती है। ऐसे में पेट के साथ साथ आंतों का साफ होना भी बहुत जरूरी है। अगर आंतों में टॉक्सिंस जमा होंगे तो इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। कोलन के साफ रहने से आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होगा और आप स्वस्थ रहेंगे। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देंगे जिनकी मदद से आपको कोलन की सफाई में मदद मिलेगी -

सेब

सेब में मौजूद पेक्टिन से कोलन की सफाई में मदद मिलती है। इसके सेवन से शरीर की गन्दगी और मल को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, सेब के सेवन से पेट में कैंसर की कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद मिलती है। इसके लिए आप रोजाना सेब के जूस का सेवन करें।

कच्ची सब्जियों का जूस

कोलन को डिटॉक्स करने के लिए कच्ची सब्जियों का सेवन करें। इसमें भरपूर मात्रा के फाइबर मौजूद होता है जिससे शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। इसके लिए पालक, गाजर, चुकुंदर, टमाटर और ककड़ी का जूस अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

नींबू

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी मौजूद होता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। इसके साथ ही, नींबू के सेवन से शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद मिलती है। इसके लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में एक नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाकर पिएं।

दही

दही हमारे पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। यह एक नेचुरल प्रोबायोटिक है, जो आंतों में हेल्दी बैक्टीरिया को बनाए रखता है। रोजाना दही खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और आंतों की सफाई में मदद मिलती है। रोजाना एक से दो कप दही का सेवन करने से गट क्लींजिंग में मदद मिलती है।

एप्पल साइडर विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर यानी सेब का सिरका आंत के लिए फायदेमंद होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबायोटिक गुण मौजूद होते हैं जो कोलन की सफाई में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एसिटोबैक्टर नामक बैक्टीरिया से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

पीरियड्स के दौरान रहता है पैड के लीक होने का डर? इन टिप्स से मिलेगा लीकेज की समस्या से छुटकारा

प्रिया मिश्रा

अक्सर महिलाओं को पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर रहता है। खासतौर पर अगर आपको हैवी ब्लीडिंग की समस्या है तो पीरियड्स में लीकेज होने की संभावना ज़्यादा रहती है, जिससे कपड़ों में खून लग सकता है। अगर आपको भी पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर सताता रहता है तो आज का यह लेख जरूर पढ़ें।

महिलाओं में पीरियड्स यानी मासिक धर्म होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। पीरियड्स के दौरान महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं। पीरियड्स में ब्लीडिंग होने के अलावा पेटदर्द, ऐंठन और मूड स्विंग्स जैसी समस्याएं भी होती हैं। पीरियड्स में ब्लीडिंग होना साधारण है लेकिन अगर बहुत हैवी ब्लीडिंग हो तो काफी परेशानी हो जाती है। हैवी ब्लीडिंग होने के कारण दिन में कई बार सेनेटरी नैपकिन बदलना पड़ता है। अक्सर महिलाओं को पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर रहता है। खासतौर पर अगर आपको हैवी ब्लीडिंग की समस्या है तो पीरियड्स में लीकेज होने की संभावना ज़्यादा रहती है, जिससे कपड़ों में खून लग सकता है। अगर आपको भी पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर सताता रहता है तो आज का यह लेख जरूर पढ़ें। आज हम आपको पैड के लीकेज की समस्या से बचने के तरीके बताने जा रहे हैं -

पैड ठीक तरह से लगाएं

पीरियड्स में होने वाली लीकेज से बचने के लिए पैड को ठीक तरह से लगाना बहुत जरूरी है। इसके लिए पैड को हमेशा अंडरवियर के बीच में ही लगाएं। कपड़े के पैड का इस्तेमाल करने से लीकेज की संभावना ज्यादा होती है। इसके लिए कपड़े के पैड की जगह नॉर्मल पैड का इस्तेमाल करें।

विंग्स वाले पैड का इस्तेमाल करें

अगर आपको पीरियड्स के दौरान हैवी फ्लो होता है या आपको लीकेज की समस्या रहती है तो विंग्स वाले पैड का इस्तेमाल करें। ये पैड अंडरवियर से चिपके रहते हैं और ज्यादा मूव नहीं होते हैं। विंग्स वाले पैड लिक्विड को जेल में बदल देते हैं, जिससे लीकेज नहीं होती।

पैंटी लाइनर का इस्तेमाल करें

पीरियड्स के दौरान अगर आपको लीकेज का डर राहत है तो पैंटी लाइनर पहन सकती हैं। आप इसे पैड के साइड और नीचे लगा सकती हैं। इससे आपको एक्स्ट्रा कवरेज मिलेगी और दाग लगने का डर नहीं रहेगा। आप पैंटी लाइनर को अपने हिसाब से एडजस्ट कर सकती हैं।

पीरियड पैंटी पहनें

अगर आप पीरियड्स के दौरान ब्लड लीकेज से बचना चाहती हैं तो पीरियड पैंटी का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह नॉर्मल पैंटी से बिल्कुल अलग होती है और इसमें अंदर की तरफ कपड़े की तीन लेयर होती हैं । ये पैंटी थोड़ी महंगी जरूर होती है लेकिन इसकी एब्जॉर्बेंसी ज्यादा होती है।

सही साइज वाले पैड का चुनाव करें

अगर आपको हैवी फ्लो की समस्या है तो आप ऐसे पैड का इस्तेमाल करें जिसकी लंबाई और मोटाई सही हो। अगर आप कम लंबाई या मोटाई वाला पैड लगाएंगी तो इससे आपके कपड़ों में खून का दाग लग सकता है। इसलिए आप सही साइज वाले पैड का ही इस्तेमाल करें।

पापमोचिनी एकादशी व्रत से मिलती है सभी पापों से मुक्ति

प्रज्ञा पाण्डेय

पापमोचिनी व्रत एकादशी बहुत खास होती है इसलिए इसकी पूजा का विशेष विधान है। इस व्रत में भगवना विष्णु के चतुर्भुज रूप की पूजा होती है। एकादशी व्रत का प्रारम्भ दशमी तिथि से ही शुरू हो जाता है इसलिए दशमी तिथि को सात्विक भोजन करना चाहिए।

पापमोचिनी एकादशी का हिन्दू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान है। यह होलिका दहन और चैत्र नवरात्रि के बीच में आती है।

पापमोचनी एकादशी का है खास महत्व

पौराणिक मान्यता के अनुसार पापमोचनी एकादशी सभी प्रकार के पापों से मुक्ति दिलाती है। ये एकादशी इस बात का भी अहसास कराती है कि जीवन में कभी भी अपनी जिम्मेदारियों से भागना नहीं चाहिए। हर संभव प्रयास से उन जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहिए। भूलवश यदि गलत हो भी जाए तो इस एकादशी का व्रत उन सभी पापों से छुटकारा दिलाता है। इसीलिए पापमोचनी एकादशी को पापों से मुक्ति पाने वाली एकादशी भी कहा जाता है। पंडितों के अनुसार इस दिन नियमानुसार व्रत रखने से भक्तों को विष्णु जी की कृपा प्राप्त होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

पापमोचिनी एकादशी के बारे में जानकारी

विक्रम संवत वर्ष के अनुसार पापमोचिनी एकादशी साल की आखिरी एकादशी होती है। जो व्यक्ति जाने-अनजाने में आने वाले पापों का प्रायश्चित करना चाहते हैं उनको पापमोचिनी एकादशी का व्रत करना चाहिए। इस साल 28 मार्च को पापमोचिनी एकादशी है। शास्त्रों के अनुसार पापमोचनी एकादशी व्रत करने से व्रती के समस्त प्रकार के पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं। यह व्रत करने से भक्तों को बड़े से बड़े यज्ञों के समान फल की प्राप्त होता है।

पापमोचिनी एकादशी व्रत में करें पालन

पापमोचिनी व्रत एकादशी बहुत खास होती है इसलिए इसकी पूजा का विशेष विधान है। इस व्रत में भगवना विष्णु के चतुर्भुज रूप की पूजा होती है। एकादशी व्रत का प्रारम्भ दशमी तिथि से ही शुरू हो जाता है इसलिए दशमी तिथि को सात्विक भोजन करना चाहिए। नाना प्रकार के भोग-विलास की भावना त्यागकर केवल भगवान विष्णु का स्मरण ही करें। उसके बाद एकादशी के दिन प्रात: जल्दी उठकर स्नान कर साफ वस्त्र पहनें। घर की सफाई कर मंदिर भी स्वच्छ रखें। व्रत का संकल्प लें तथा पवित्र मन से पूजा प्रारम्भ करें। श्री विष्णु की षोडषोपचार से पूजा करें। उसके बाद विष्णु भगवान को प्रसाद चढ़ाएं और भगवद् कथा का पाठ करें या सुनें। एकादशी के दिन झूठ बोलने से बचें और भगवान का स्मरण करें। पापमोचिनी एकादशी के दिन फलाहार करें और रात में अल्पाहार कर रात्रि जागरण करें। रात में कीर्तन करते हुए विष्णु जी याद करें। द्वादशी के दिन सुबह विधिपूर्वक पूजा करें और ब्राह्मणों को भोजन कराकर यथाशक्ति दान दें। उसके बाद भगवान को प्रणाम कर पारण करें।

पापमोचिनी एकादशी का मुहूर्त
एकादशी व्रत प्रारम्भ हो रहा है- 27 मार्च, 2022 को शाम 06:04 बजे से होगी
एकादशी व्रत खत्म हो रहा है- 28 मार्च, 2022 को शाम 04:15 बजे होगा

पापमोचिनी एकादशी से जुड़ी कथा

पौराणिक कथाओं में पापमोचिनी एकादशी से जुड़ी कथा प्रचलित है। उस कथा के अनुसार भगवान विष्णु युधिष्ठिर से कहते है कि राजा मान्धाता ने एक बार लोमश ऋषि से पूछा मनुष्य को उसके द्वारा अनजाने में किए गए पापों से छुटाकारा कैसे मिल सकता है? इस पर लोमेश ऋषि ने राजा को एक कथा सुनायी। इस कथा के अनुसार एक बार मंजुघोषा नाम की अप्सरा च्यवन ऋषि पर मोहित हो गयीं। इसके बाद मंजुघोषा ऋषि को अपने तरफ आकर्षित करने का प्रयत्न करने लगीं। उसी समय कामदेव वहां से गुजरें। उन्होंने अप्सरा के मन की जान लीं और उनकी सहायता की। ऐसे मंजुघोषा ऋषि को रिझाने लगीं और च्यवन ऋषि कामपीड़ित हो गए।

कामवासना में लिप्त होकर ऋषि च्यवन शिव की तपस्या करना भूल गए और अप्सरा के साथ विचरण करने लगे। कई सालों बाद जब उनकी चेतना जागी तब उन्हें अनुभव हुआ कि उन्होंने शिव की उपासना छोड़ दी है।

जब तपस्या से विरत होने का ज्ञान हुआ तो ऋषि बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने अप्सरा को पिशाचनी होने का श्राप दे दिया। अप्सरा श्राप से दुखी हो गयीं और ऋषि के पैरों में गिरकर श्राप से मुक्ति हेतु याचना करने लगीं। तब ऋषि ने उन्हें पापमोचिनी एकादशी का व्रत करने को कहा। साथ ही ऋषि को कामवासना में लिप्त होने के कारण उनका तेज विलुप्त हो गया इसलिए उन्होंने भी पापमोचिनी एकादशी का व्रत किया। इस प्रकार विधिपूर्वक पापमोचिनी एकादशी का व्रत करने से अप्सरा का निशाचरी का रूप खत्म हुआ और वह अप्सरा बनकर वापस स्वर्ग में चलीं गयीं।

इस एकादशी बन रहा है सर्वाथ सिद्धि योग

28 मार्च को एकादशी तिथि पर सर्वाथ सिद्धि योग बन रहा है। कहा जाता है कि इस योग में पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलती है। 28 तारीख को सुबह 6.16 से दोपहर 12.24 तक सर्वार्थ सिद्धि योग है। इस दौरान एकादशी व्रत का संकल्प लेकर भगवान विष्णु की आराधना करने से सभी प्रकार के कार्यों की सिद्धि होती है। ऐसी मान्यता है कि जो मनुष्य पापमोचनी एकादशी का व्रत करता है।